


MPHIN/2021/83938

# दैनिक पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 189 | ग्वालियर, 19 मार्च मंगलवार 2024 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए

## न्यूज ट्रैक

### परिवारवादी परिवार का शिकार हुआ है तेलंगाना जगतियाल की जनसभा में बोले पीएम मोदी



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को तेलंगाना के जगतियाल में एक चुनावी जनसभा को संबोधित किया. पीएम मोदी की रैली में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए. इस दौरान पीएम मोदी ने कांग्रेस-बीआरएस और इंडिया गठबंधन पर जमकर निशाना साधा. पीएम मोदी ने परिवारवाद को लेकर आरजेडी पर भी हमला बोला. पीएम मोदी ने कहा कि परिवारवादी लोग कभी देश का भला नहीं कर सकते. पीएम मोदी ने कहा कि तेलंगाना भी परिवारवादी पार्टी का शिकार हुआ है. पीएम मोदी ने कहा कहा कि लोकसभा चुनाव का ऐलान हो चुका है, दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र का उत्सव प्रारंभ हो चुकी है और 13 मई को तेलंगाना के लोग एक नया इतिहास रचने वाले हैं. 13 मई को तेलंगाना में होने वाला मतदान विकसित भारत के लिए होगा और जब भारत विकसित होगा तो तेलंगाना भी विकसित होगा. पीए मोदी ने कहा कि यहां तेलंगाना में बीजेपी के लिए लगातार जनसमर्थन बढ़ता ही जा रहा है. पीएम मोदी ने कहा कि तेलंगाना का ये दृश्य जगतियाल का ये जनसैलाब इसका प्रमाण है. पीएम मोदी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मैं पिछले तीन दिनों में दूसरी बार तेलंगाना आया हूं. इससे पहले में तेलंगाना के लिए हजारों करोड़ की विकास परियोजनाओं की सौगात लेकर भी आपकी सेवा में हाजिर हुआ था. इसी महीने मैंने आदिलाबाद से पूरे देश और तेलंगाना के लिए 56 हजार करोड़ रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया था. रंगारेड्डी में भी हाईवे, रेलवे और एयरवेज इंफ्रास्ट्रक्टर से जुड़ी हजारों करोड़ की परियोजनाओं को समर्पित किया था. ये विकास आज तेलंगाना के हर इलाके में पहुंच रहा है. इसलिए तेलंगाना के कौने-कौने में बीजेपी के लिए समर्थन बढ़ता ही जा रहा है. प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि, जैसे जैसे 13 मई करीब आ रही है वोटिंग का दिन करीब आ रहा है. तेलंगाना में बीजेपी की लहर, कांग्रेस का, बीआरएस का सूपड़ा साफ कर देगी. पीएम मोदी ने कहा कि आज पूरा देश कह रहा है कि चार जून को 400 पार. चार जून को चुनाव के नतीजे आने वाले हैं इसलिए लोग कह रहे हैं चार जून को 400 पास. कल मुंबई में इंडिया गठबंधन की रैली थी, चुनाव की घोषणा के लिए बाद उनकी ये पहली और सबसे महत्वपूर्ण रैली थी. उस रैली में उन्होंने अपना घोषणा पत्र जारी किया. उन्होंने कहा कि उनकी लड़ाई शक्ति के खिलाफ है और मेरे लिए हर मां शक्ति का रूप है. हर बेटी शक्ति का रूप है. पीएम मोदी ने कहा कि मैं भारत मां का पुजारी हूं मैं शक्ति स्वरूपा मां बहनों का भी पुजारी हूं. तेलंगाना की धरती साधारण धरती नहीं है, ये वो धरती है जिसने अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष किया. इस धरती ने देश की अखंडता और सम्मान के लिए संघर्ष किया बावजूद इसके आजादी के बाद तेलंगाना को कांग्रेस के सियासी संघर्षों को सहना पड़ा. एक ओर वो कांग्रेस पार्टी है जिसने तेलंगाना के सपनों को कुचला है. दूसरी ओर वो बीआरएस है जिसने यहां के लोगों की भावनाओं का इस्तेमाल किया. सत्ता पाई और बाद में जनता से विश्वास घात कर दिया. पीएम मोदी ने कहा कि तेलंगाना के निर्माण से पहले दस वर्षों तक बीआरएस ने पहले दस साल तेलंगाना को जमकर के लूटा है. और अब कांग्रेस ने तेलंगाना को अपना एटीएम पिन बना लिया है. तेलंगाना से लूटा हुआ ये पैसा दिल्ली तक जाता है. पीएम ने आगे कहा कि वहां परिवारवादी लोगों की तिजोरी पहुंचता है, इसी पैसे का इस्तेमाल देश में लूट और बंटवारे की साजिश की फंडिंग के लिए होता है. पीएम मोदी ने कहा कि तेलंगाना के लोग जानते हैं एक घोटालेबाज दूसरे घोटालेबाज पर कभी कार्रवाई नहीं कर सकती. पीएम मोदी ने कहा कि परिवारवादी पार्टियां, परिवार में परिवारवाद में डूबे लोग केवल देश को लूटने के लिए राजनीति में आए हैं.

## शिवमोगा में पीएम मोदी विपक्ष पर जमकर बरसे

# कांग्रेस के पास विकास का एजेंडा नहीं

**नई दिल्ली।** कर्नाटक के शिवगोमा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बड़ी रैली की. रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी कांग्रेस सहित विपक्षी दलों पर जमकर बरसे. उन्होंने कहा कि भाजपा की प्राथमिकता है विकास, गरीब कल्याण और सामर्थ्यवान भारत. कांग्रेस के पास विकास का कोई एजेंडा नहीं है. ऐसे में वह तरह-तरह के हथकंडे आजमाती है. उसका हथकंडा है कि बार-बार झूठ बोलो, सुबह शाम झूठ बोलो. पीएम ने कहा, कांग्रेस का दूसरा हथकंडा है कि अपने झूठ को छिपाने के लिए नए झूठ बोलो, मगर जब पकड़े जाओं तो उसका ठिकरा दूसरे पर फोड़ दो. उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लोग बड़े झूठ बोलने में माहिर हैं. यहां कर्नाटक में भी कांग्रेस ने ऐसा ही किया है. अब सरकार बनने के बाद भी वो झूठ बोलते जा रहे हैं. वो केंद्र पर आरोप लगाती है. कांग्रेस की मंशा लोगों की भलाई की नहीं रही है. कांग्रेस का एक ही इरादा है, लोगों को लूटना और अपनी जेब भर लेना.

पीएम मोदी ने कहा, कर्नाटक की जनता इस बार लोकसभा में कांग्रेस को चुन-चुनकर साफ करेगी. उन्होंने जनता से अपील की कि अपने वोट से कांग्रेस के विभाजनकारी मंसूबो को ध्वस्त करना है. कांग्रेस की नीतियों के कारण गरीब और गरीब होता गया, कंगाल होता चला गया. कांग्रेस ने हमेशा देश के गरीब को मूल सुविधाओं से दूर रखने की कोशिश की है. बीते 10 साल भारत के 25 करोड़ लोगों गरीबी बाहर निकल आए हैं. ऐसा इसलिए संभव हो सका क्योंकि हमने गरीबों



की समस्याओं पर ध्यान दिया. आजाद भारत के इतिहास में भाजपा ही वो पार्टी है, जिसने एससी और एसटी समुदाय के लोगों को राष्ट्रपति बनाया है. आज पूरी दुनिया भारत के आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर की चर्चा हो रही है. भारत की पहचान अब मेट्रो और अंडर वाटर मेट्रो से हो रही है. देश की पहचान हाई स्पीड इंटरनेट और फाइव जी से हो रही है. भारत की पहचान गांव-गांव यूपीआई टेक्नोलॉजी से हुई है. भाजपा अब इस विकास अभियान को बढ़ावा दे रही है.

### गरीब-कल्याण की योजनाएं 100 फीसदी लोगों तक पहुंची

पीएम मोदी ने कहा कि शिवमोगा में कई ऐसे विकासकार्य हुए हैं, जिससे यहां के लोगों को बेहतर सुविधाएं प्राप्त हो रही हैं. अगले पांच वर्ष में देश उन फैसलों का गवाह होगा जो पहले कभी नहीं हुआ. अगले पांच वर्षों में गरीब-कल्याण की योजनाएं 100 फीसदी लोगों तक पहुंची हैं. युवाओं के लिए नए अवसरों के द्वार खुले हैं.




## I.N.D.I.A में सीटों पर अटकी बात?

### कन्हैया कुमार और पप्पू यादव की सीट को लेकर इंडिया गठबंधन में फंसा पेंच?

**नई दिल्ली।** बिहार में सीट बंटवारे को लेकर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के ऐलान के बाद अब इंडिया गठबंधन की बारी है. इस बीच सीट बंटवारे को लेकर कांग्रेस-आरजेडी आज (सोमवार, 18 मार्च) की प्रस्तावित बैठक टल गई है. सूत्रों के मुताबिक सीट बंटवारे को लेकर कल (रविवार, 17 मार्च) मुंबई में आरजेडी और कांग्रेस के आला नेताओं के बीच चर्चा हुई थी. ज्यादातर सीटों पर दोनों दलों में सहमति है. इसी हफ्ते इंडिया गठबंधन की तरफ से भी सीट बंटवारे का ऐलान कर दिया जाएगा. अब तक के फॉर्मूले के मुताबिक ऋ्छ्ष्ठ 28, कांग्रेस 9 और वाम दल 3 सीटों पर लड़ सकते हैं. लोक जनशक्ति पार्टी (एलजेपी) के पशुपति पारस और विकासशील इंसान पार्टी प्रमुख मुकेश सहनी इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) में आए तो समीकरण में थोड़ा बदलाव आ सकता है. सूत्रों के मुताबिक कन्हैया कुमार की सीट बेगूसराय और जनअधिकार पार्टी के अध्यक्ष पप्पू यादव की सीट पूर्णिया और मीरा कुमार के बेटे की सीट काराकाट पर कांग्रेस-आरजेडी में पेंच फंसा हुआ है. सुपौल से कांग्रेस बेरोजगारी के खिलाफ आंदोलन चलाने वाले अनुपम को टिकट दे सकती है. सीट शेयरिंग को लेकर जब सोमवार को ही तेजस्वी यादव से सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि ज्यादातर मुद्दों को सुलझा लिया गया है और केवल एक या दो सीटों पर मुद्दे बचे हैं. दो-तीन दिन में सब कुछ तय हो जाएगा.

## आम चुनाव से पहले बंगाल में ईसी का बड़ा एक्शन



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग ने बंगाल में बड़ा एक्शन लिया है. निर्वाचन आयोग ने बंगाल के डीजीपी राजीव कुमार को हटाने और यूपी-बिहार समेत 6 राज्यों से गृह सचिव बदलने के निर्देश दिए हैं. जिन छह राज्यों के होम सेक्रेटरी बदले गए हैं उसमें गुजरात, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड शामिल हैं. इसके साथ ही बृहन्मुंबई नगर आयुक्त इकबाल सिंह चहल को भी हटा दिया गया है. साथ ही अतिरिक्त आयुक्त और उपायुक्त को भी हटाने के निर्देश दिए हैं. इसके साथ ही मिजोरम और हिमाचल प्रदेश के जीएडी सचिव को भी पद से हटाया गया है. पश्चिम बंगाल में डीजीपी के अलावा कई और अधिकारियों को भी हटाया गया है. इतना ही नहीं चुनाव आयोग ने सीएम दफ्तर से भी कुछ अधिकारियों को हटा दिया है.

### कोलकाता की झुग्गी बस्ती में गिरी 5 मंजिला निर्माणाधीन इमारत, 10 लोग घायल

नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में आधी रात पांच मंजिला निर्माणाधीन इमारत ढह गई. जिसके मलबे में करीब 10 लोग फंस गए. पुलिस के मुताबिक, कोलकाता के गार्डन रीच इलाके में सोमवार देर रात करीब 12.10 बजे एक पांच मंजिला निर्माणाधीन इमारत का एक हिस्सा पास की झुग्गी बस्ती में गिर गया. इसके मलबे में झुग्गी बस्ती में रहने वाले 10 लोग फंस गए. जिन्हें रेस्क्यू कर अस्पताल में भर्ती कराया गया है. फिलहाल इमारत के मलबे को हटाने के काम जारी है. राज्य आपदा प्रबंधन की टीम इमारत का मलबा हटाने का काम कर रही है.

## केरल में चिकनपॉक्स का आतंक, 6 हजार से ज्यादा सामने आए मामले

**नई दिल्ली।** केरल में चिकनपॉक्स के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं और जिस तरह से मामले बढ़ रहे हैं. यह देख वहां के लोग दहशत में आ गए हैं. आपको बता दें कि राज्य में अब 6 हजार से ज्यादा मामले सामने आ चुके हैं. 9 लोगों की मौत की खबर है. मामले बढ़ते देख प्रशासन के बीच हड़कंप मच गया है और प्रशासन इसे रोकने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है. राज्य सरकार ने पूरे प्रदेश में अलर्ट घोषित कर दिया है. साथ ही मरीजों



को हरसंभव इलाज उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है. प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि अगर उन्हें चिकन पॉक्स के जरा भी लक्षण दिखें तो तुरंत अस्पताल जाएं ताकि उन्हें जल्द से जल्द इलाज मिल सके. अब सवाल यह है कि चिकनपॉक्स फैलता कैसे है? आपको बता दें कि इसकी शुरुआत में त्वचा पर चकत्ते और बुखार होता है. अगर ये लक्षण दस दिनों तक बना रहा तो समझ लें कि व्यक्ति चिकनपॉक्स का शिकार हो गया है.



# दतिया कलेक्टर संदीप मानिक ने जनसुनवाई में पहुंचे लोगों की सुनी समस्याएं



**संदीप प्रधान उप संपादक दैनिक पुष्पांजलि टुडे की रिपोर्ट**

आज 5 मार्च 2024/राज्य शासन के निर्देशानुसार जन सामान्य की समस्याओं के निराकरण हेतु प्रति मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई कार्यक्रम आज कलेक्टर श्री संदीप मकिन की उपस्थिति में न्यू कलेक्ट्रेट दतिया के सभा कक्ष में शुरू हुई। कलेक्टर श्री संदीप माकिन ने जिले के विभिन्न अंचलों से आये लोगों की समस्याओं को पूरी गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुनते हुएअधिकारियों को निराकरण करने के निर्देश दिए।

# अम्बाह मेला का अस्तत्‍ु भविष्य में खत्म ठेकेदार के हवाले जयश्वर महादेव मेला दुकानदार परेशान

**केशब पंडित जी अम्बाह**

**अम्बाह।** जयश्वर महादेव मेला में सुई से लेकर तलवार तक की बिक्री होती है. लोगों की भीड़ को देखते हुए सिर्फ मुरैना के ही नहीं बल्कि विभिन्न जिलों और आसपास के राज्यों के भी लोग अपनी दुकान सजाने इस मेले में पहुंचते हैं. 10 दिनों के मेले में दुकानदार हजारों रुपये कमा कर अपने परिवार और बच्चों का भरण पोषण के लिए धन संरक्षित कर पाते हैं. किंतु पिछले 2 वर्ष से मेला ठेका पद्धति पर दिया जाने लगा है जिसके चलते दुकानें 5 (पॉच) गुनी महंगी मिल रही है और दुकानदार परेशान है ऐसी स्थिति में मेंला अपना अस्तित्व खोता जा रहा है प्रतिवर्ष होली पर समाप्त होने वाला मेला पिछले वर्ष और इस वर्ष होली आने से पहले तक प्रारंभ भी नहीं हो पाया है स्थानीय दुकानदार दुकान महंगी होने के कारण दुकान नहीं ले पा रहे है

इस वजह से नहीं हो रही बचत-

इस वर्ष के मेले में दुकानदारों के चेहरे पर खुशी नहीं दिख रही है. इस बार दुकानदारों को कमाई से ज्यादा दुकान का भाड़ा जमा करना पड़ रहा है. मेले में दुकान लगाने वाले दुकानदारों ने बताया कि इस बार दुकान लगाने का लाभ दुकानदारों को नहीं मिल पा रहा है. ठेकेदारों के द्वारा अत्यधिक भाड़ा वसूला जा रहा है. जिस वजह से दुकानदार को लाभ नहीं हो पा रहा है. दुकानदारों ने कहा कि जिस तरह से ठेकेदारों के द्वारा भाड़ा





वसूला जा रहा है ऐसे में दुकान चालाना मुश्किल है. ग्वालियर से आए दुकानदार ने बताया कि मूंगफली जैसे खाद्य पदार्थ बेचने से कितनी आमदनी होती है, यह किसी से छुपी नहीं है. लेकिन मूंगफली के दुकानदारों से भी पांच हजार से छह हजार रुपये वसूले जा रहे हैं. मेले में भाड़ा में हुई बढ़ोतरी से परेशान दुकानदारों ने बताया कि इस वर्ष टेंडर प्रक्रिया के माध्यम से ठेकेदार व्दारा भाड़ा की कीमत सीधे चार गुणा से पांच गुणा कर दी गई है. जो कहीं से भी न्याय उचित नहीं है. वहीं कई दुकानदारों ने बताया कि ठेकेदारों के द्वारा ज्यादा भाड़ा वसूलने की वजह से उन्हें अपने सामान की कीमतों में भी बढ़ोतरी करनी पड़ रही है. जिस वजह से दुकान पर ग्राहक भी कम आ रहे हैं. वहीं कई ग्राहकों ने भी बताया कि इस वर्ष मेले में सामानों की कीमत ज्यादा है. लोग जिस उम्मीद के साथ सामान खरीदने आए थे. लोगों की वह उम्मीद पूरी नहीं हो पा रही है. गौरतलब है कि इस वर्ष नगर पालिका के द्वारा ठेकेदार के माध्यम से दुकानदारों से भाड़ा वसूला जा रहा है. बताया जा रहा है कि नगर पालिका द्वारा ठेकेदार से 21 लाख रुपए लेकर मेले की व्यवस्था सोप दी गई है नगर पालिका द्वारा पानी पीने की कोई ब्यबस्था नही की गई है पानी के लिये दुकानदार थाने में व तहसील पर बनी टंकी पर लाइन लगाकर पानी के लिये भटक रहै है।

**पुस्तक विमोचन**

# मन के भावों को पुस्तक के रूप में ढालना युवा पीढ़ी के लिए अति आवश्यक - समाजसेवी अखिलेश राय



समय का समंदर काव्य संग्रह के वसर का।



### हर साल एक पुस्तक प्रकाशन की जिम्मेदारी लें श्री राय- रघुवर दयाल गोहिया

**सीहोर।** स्थानीय शिवांग रेस्टोरेंट मुरली रोड पर अखिल भारतीय साहित्य परिषद एवं सृजन साहित्य परिषद के संयुक्त तत्वाधान में शहर के गीतकार द्वारिका बांसुरिया की काव्य पुस्तक समय का समंदर का विमोचन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता बरिष्ठ गीतकार श्री रामनारायण राठौर ने की। मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाजसेवी श्री अखिलेश राय उपस्थित रहे। विशेष अतिथि के रूप में वरिष्ठ पत्रकार श्री रघुवर दयाल गोहिया, हरिओम शर्मा, बाबू देव्वाल घायल मौजूद रहे। सर्वप्रथम माँ सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अतिथियों का स्वागत शाल, श्रीफल एवं सम्मान पत्र भेंट कर सृजन साहित्य परिषद के अध्यक्ष विनोद पंसारी, कन्हैयालाल श्रीवास, शंकरलाल, विवेक श्रीवास, मनेक श्रीवास, संदीप, सुबेक श्रीवास ने किया। सरस्वती वंदना कवि जोरावर ने प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन अखिल भारतीय साहित्य परिषद के अध्यक्ष डॉ. विजेंद्र जायसवाल ने किया। पुस्तक विमोचन के अवसर पर कवि द्वारिका बांसुरिया का सम्मान अतिथियों एवं उपस्थित साहित्यकारों ने पुष्प माला पहनाकर और साफा बांधकर किया। मुख्य अतिथि के रुप मे साहित्य अनुरागी वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय ने कहा कि सभी साहित्यकारों को अपने मन के भाव पुस्तक के रूप समाज के सामने लाना चाहिए। जिससे समाज को कुछ नया सिखने को मिल सके। गीतकार द्वारिका बासुरिया के साहित्य सफर पर प्रकाश डालते हुए वरिष्ठ पत्रकार रघुवर दयाल गोहिया ने कहा कि श्री द्वारका बांसुरिया साहित्य के क्षेत्र में 40 वर्ष से सक्रिय हैं और अभी तक ढाई सौ से अधिक गीत, कविता और लिख चुके हैं। समय का समंदर पुस्तक में सभी रचनायें पठनीय हैं। उन्होंने इस अवसर पर श्री अखलेश राय से आग्रह किया कि वे साल में एक पुस्तक के प्रकाशन की जिम्मेदारी लें। इस का सभी उपस्थितों ने तालियां बजाकर स्वागत किया। गीतकार हरिओम शर्मा ने कहा कि साहित्य लिखना और उसे आने वाली पीढ़ी को समर्पित करना बहुत महान कार्य है जो आज हमारे मित्र ने किया है। इस अवसर पर काव्य पाठ करने वाले कवियों में मुख्य रूप से रामनारायण राठौर, द्वारका बांसुरिया, हरिओम शर्मा,हरिश्चंद्र आर्य ,सुभाष चौहान, विनोद पंसारी जोरावर सिंह , धर्मराज देशराज, राधेश्याम शर्मा,नारायण नवरंग, रामबाबू सक्सेना, लक्ष्मण सिंह चौकसे, डॉ. विजेंद्र जायसवाल, वासुदेव जादवानी, गोविंद लवानिया, मांगीलाल सोलंकी, राधेश्याम राय, बालमुकुंद राय, संदीप सोलंकी, राहुल विश्वकर्मा, सोनू यादव, सुनील, नीरज जाटव, दर्शमय, तनमय, हर्षमय आदि उपस्थित रहे। अंत में आभार पत्रकार रघुवर दयाल गोहिया ने माना।

# सीआरपीएफ एसएफ सहित मझगवां थाना पुलिस बल द्वारा किया गया, मझगवां, पिंडरा एवं हिरौंदी कस्बो में फ्लैग मार्च



**पुस्पांजली टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**



लोकसभा आम चुनाव 2024 की अधिसूचना जारी होने एवं जिले में आदर्श आचार सहिंता प्रभावी होने पर मझगवां थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था के मद्देनजर, आमजनो को सुरक्षा का आभास कराने एवं निर्भीक होकर मतदान करने का संदेश पहुंचाने, आज मझगवां कस्बे सहित क्षेत्र के पिंडरा, हिरौंदी कस्बो में सीआरपीएफ, एसएफ, बल की टुकड़ी सहित मझगवां थाना पुलिस बल द्वारा फ्लैग मार्च किया गया है, जिसमे सभी बलों की अगुवाई एसडीओपी चित्रकूट रोहित सिंह राठौर एवं मझगवां थाना प्रभारी निरीक्षक आदित्य नारायण धुर्वे द्वारा की गई है !

**आज की बेटी सामाजिक संस्था ने जरूरतमंद बच्चों को कॉपी - किताबों का वितरण किया**

# शिक्षा के बिना अच्छे समाज के निर्माण की कल्पना नहीं की जा सकती :श्रीमती कामना सिंह

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

### सभ्य समाज निर्माण में शिक्षा का महत्वपूर्ण योगदान होता है : टीआई प्रवीण सिंह

भिण्ड। आज की बेटी शिक्षा प्रचार कल्याण समिति सामाजिक संस्था ने पूर्व नियोजित कार्यक्रम के अनुसार मेला ग्राउंड बीएसएनएल भवन के पास राठौर बस्ती में गरीब और जरूरत मंद बच्चों को कॉपी - किताब,पेन - पेंसिल,रबर आदि शिक्षा से जुड़ी हुई वस्तुएं वितरण की। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कामना सिंह भदौरिया ने कहा कि शिक्षा के बिना अच्छे समाज के निर्माण की कल्पना भी नहीं की जा सकती,इसलिए शिक्षा के क्षेत्र में पड़ने के इच्छुक जरूरत मंद बच्चों को अगर सामाजिक संस्थाए सहयोग करती है,तो इससे गरीब एवं जरूरतमंद बच्चों को पड़ने में काफी मदद



मिलेगी,उन्होंने सामाजिक संस्था के पदाधिकारियों को इस पुनीत कार्य के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। अध्यक्षता कर रहे अभिभाषक संघ के पूर्व अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता उल्फत सिंह चौहान ने कहा कि शिक्षा हमारे जीवन को व्यवस्थित करती। शिक्षित समाज में बेटे और बेटियों में भेदभाव नहीं किया जाता,इसलिए सभी को बड़चड़ कर शिक्षा का प्रचार - प्रसार करना चाहिए। सामाजिक संस्थाओं को बेटी बचाओ एवं शिक्षा का प्रचार प्रसार अभियान चलाते रहना



चाहिए।कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि शहर कोतवाली प्रभारी नगर निरीक्षक प्रवीण सिंह चौहान ने कहा कि सभ्य समाज निर्माण में शिक्षा का महत्वपूर्ण योगदान होता है,क्योंकि शिक्षित व्यक्ति कानून को समझता है,इससे समाज में अपराध कम होते हैं,और सभ्य समाज का निर्माण होता है।कार्यक्रम का संचालन धर्मवीर सिंह भदौरिया ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रिटायर्ड सब इंस्पेक्टर मलखान सिंह चौहान,संस्था की अध्यक्ष श्रीमती गुंजन चौहान, वार्ड- 30 की पार्षद श्रीमती जमुना देवी,समाजसेवी धर्मेंद्र जैन,श्रीमती शांति देवी कुशवाहा, श्याम सुंदर यादव,भारत सिंह रावत पत्रकार, पंकज त्रिपाठी पत्रकार,मनोज कुशवाहा पत्रकार,शशिभूषण सिंह चौहान,संजीव जैन,आकाश कुशवाहा एडवोकेट,अशोक जैन,संजय सिंह चौहान गुड्डू ,विकास कुशवाहा एडवोकेट, धर्मेंद्र कुशवाह शिक्षक,रामकिशोर राठौर,राकेश कुशवाहा,मुनीम प्रजापति,सर्वेश राठौर,हनी सिंह चौहान सहित कई समाजसेवी जन एवं सैकड़ों बच्चे - बच्चियां उपस्थित रहे।

# संभाग आयुक्त श्री झा ने भिंड के स्ट्रांग रूम और आईटी आई परिसर का निरीक्षण किया

**ई व्ही एम की सुरक्षा के लिए बेहतर व्यवस्थाएं करने दिए निर्देश**

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड। संभाग आयुक्त चंबल संभाग संजीव कुमार झा द्वारा आज भिंड जिले में लोकसभा चुनाव 2024 के परिपेक्ष में



स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया गया इसके साथ ही मतगणना कक्षों का भी निरीक्षण किया संभाग आयुक्त श्री झा ने निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए कि गर्मी के सीजन को देखते हुए इलेक्ट्रिक वायरिंग को व्यवस्थित किया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि कहीं भी किसी प्रकार का कोई फॉल्ट ना हो और गर्मी के कारण तारों की गर्मी से किसी प्रकार की कोई दुर्घटना होने की संभावना न हो। इस संबंध में कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव बताया कि सभी वायरिंग अंडरग्राउंड से इसके अतिरिक्त भी पीडब्ल्यूडी के ई एंड एम विभाग से इसकी जांच कर ली जाएगी। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ जगदीश गोमें अपर कलेक्टर एल के पांडे,एसडीएम और अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। संभाग आयुक्त संजीव झा पदभार ग्रहण करने के बाद प्रथम बार भिंड आए इस दौरान कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव और अन्य अधिकारियों ने उनका गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। चर्चा के दौरान उन्होंने भिंड जिले की व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक जानकारी प्राप्त की इसके उपरांत आईटीआई परिसर स्थित मतगणना स्थल का निरीक्षण करने पहुंचे मतगणना स्थल पर बनाए जाने वाले स्ट्रांग रूम और मतगणना कक्षों का भी निरीक्षण किया और इस संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

# सिंहपुर पुलिस ने पकड़ी अफीम और गांजा की खेती, आरोपी गिरफ्तार







**पुस्पंजली टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**

सतना।आगे बढते कदमः युवा नशा निवारण कार्यक्रम के तहत अवैध अफीम एवं गांजा की खेती करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल। पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (देहात) के मार्गदर्शन में एसडीओपी नागौद श्रीमती विदिता डागर द्वारा ' आगे बढ़ते कदम- युवा नशा निवारण 'कार्यक्रम की शुरुआत की गई है जिसके तहत अनुभाग के सभी थाना छेत्रों को नशा मुक्ति की दिशा में ले जाने के लिए कदम बढ़ाए जा रहे हैं। इसमें मादक पदार्थों की खेती, परिवहन, वितरण एव सेवन के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जा रही है। युवा पीढ़ी ही हमारा भविष्य है और अपने भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए यह आवश्यक है कि हम उन्हें मादक पदार्थों जैसे कि शराब,गाँजे, अफ़ीम, कोरेक्स सिरप इत्यादि के सेवन व नशे से बचाएं। इसी आवश्यकता को मद्धेनज़र रखते हुए इस कार्यक्रम की शुरुआत की गई है

### घटना का विवरण-

दिनांक 18/03/24 को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि रामप्रकाश कुशवाहा पिता स्व. बजरंगा प्रसाद कुशवाहा निवासी भाजीखेरा, ररिया टोला, थाना सिंहपुर का अपनी अहरी मतिहार बरहा वाले खेत में अफीम की खेती एवं गांजा का पेड़ लगाये हुये है, जिसका व्यवसाय करता है, मुखबिर की सूचना तस्दीक कार्यवाही हेतु हमराह बल वं गवाहों एवं विवेचना सामाग्री के मुखबिर के बताये स्थान मतिहार बरहा रवाना होकर मतिहार बरहा वाले खेत पहुंचे, जहां पर एक व्यक्ति मुखबिर के बताये स्थान पर मिला, जिसका नाम पता पूछा गया तो वह अपना नाम रामप्रकाश कुशवाहा पिता स्व. बजरंगा प्रसाद कुशवाहा उम्र 50 वर्ष निवासी भाजीखेरा, ररिया टोला, थाना सिंहपुर, जिला सतना (म.प्र.) का होना बताया, जिसे मुखबिर की सूचना से अवगत कराया जाकर संदेही रामप्रकाश कुशवाहा के खेत की तलाशी लेने हेतु उसकी सहमति प्राप्त की गई, तलाशी के दौरान रामप्रकाश कुशवाहा के अधिपत्य वाले खेत के अंश भाग में अफीम जैसे पौधें के 100 पेड़ छोटे बड़े पाये गये, कुछ पेडो में सफेद फूल एवं फल लगे हुये थे तथा 05 पेड़ हरे गांजा जैसे पेड़ दिखे, जिसका पंचनामा तैयार कर उक्त अफीम एवं गांजे जैसे पेड़ को साक्षियों एवं हमराह बल से उखडवाकर एवं तोड़कर बाहर निकलवाकर उसकी पहचान स्वयं के द्वारा एवं हमराह बल व साक्षियों के द्वारा अफीम के पौधों को देखकर फल को तोडकर देखा गया जो मादक पदार्थ अफीम का पौधा होना पाया गया तथा गांजा की पेड़ो की पत्तियों को मसलकर, सूंघकर, जलाकर की गई, जो गांजा की ही पेड़ होना पाया गया, बाद आरोपी रामप्रकाश कुशवाहा को धारा 91 जा.फौ. की नोटिस देकर उक्त बरामदशुदा मादक पदार्थ अफीम के पेड़ एवं गांजा के पेड़ लगाने के संबंध में वैधानिक कागजात चाहा गया, जो नही होना लेख किया, बाद साथ में ले गये इलेक्ट्रानिक कांटा का भौतिक सत्यापन पंचानो के समक्ष तौलकर्ता आर. 1024 अमितेश जायसवाल से कराया गया, जिसका पंचनामा तैयार किया जाकर बरामदशुदा मादक पदार्थ 100 अफीम के हरे पौधों की तौल कराई गई, जो अफीम के पौधों का वजन 6.890 किग्रा कीमती करीबन 4500/- रुपये का होना पाया गया तथा मादक पदार्थ 05 गांजा के हरे पौधों की तौल कराई गई, जो गांजा के पौधों का वजन 800 ग्राम कीमती करीबन 6000/- रुपये का होना पाया गया, बरामदशुदा मादक पदार्थ अफीम एवं गांजा के हरे पेड़ को मौके पर शीलबंद किया गया। आरोपी रामप्रकाश कुशवाहा के अधिपत्य से बरामदशुदा अफीम एवं गांजा के पेड़ की जप्ती मुताबिक जप्ती पत्रक के की जाकर कब्जे पुलिस लिया गया, आरोपी रामप्रकाश कुशवाहा पिता स्व. बजरंगा प्रसाद कुशवाहा उम्र 50 वर्ष निवासी भाजीखेरा, ररिया टोला, थाना सिंहपुर, जिला सतना (म.प्र.) का यह कृत्य धारा 8, 18, 20बी एनडीपीएस एक्ट के तहत दंडनीय पाये जाने से आरोपी उपरोक्त को गिरफ्तारी का कारण बताते हुये समय 04.25 बजे विधिबत् गिरफ्तार किया गया वापसी पर अपराध सदर कायम कर विवेचना में लिया गया। गिरफ्तार आरोपी का नामः रामप्रकाश कुशवाहा पिता स्व. बजरंगा प्रसाद कुशवाहा उम्र 50 वर्ष निवासी भाजीखेरा ररिया टोला, थाना सिंहपुर, जिला सतना (म.प्र.)

### जप्ती की मात्रा

- 01.मादक पदार्थ 100 अफीम के हरे पौधों वजनी 6.890 किग्रा कीमती करीबन 4500/- रु. 02. मादक पदार्थ 05 गांजा के हरे पौधों वजनी 800 ग्राम कीमती करीबन 6000/- रू.

### सराहनीय भूमिका

-उप निरी. शैलेन्द्र पटेल थाना प्रभारी सिंहपुर ,सउनि देवेन्द्र मिश्रा,सउनि सरोज रावत,सउनि भैयालाल वर्मा, प्र.आर.राजेश दुबे ,आर. पुष्पेन्द्र सिंह ,म.आर.क्षमा ताम्रकार,सै. वीरेन्द्र त्रिपाठी।

# वैश्य महासम्मेलन युवा इकाई (रीवा )के पदाधिकारियों ने किया जिला शिक्षा अधिकारी का सम्मान



रीवा(पुष्पांजली महासम्मेलन युवा इकाई ने आज जिला अध्यक्ष श्री बंसी साहू तथा नगर अध्यक्ष श्री लवकुश गुप्ता के नेतृत्व में जिला शिक्षा अधिकारी श्री सुदामा प्रसाद गुप्ता जी का शाल, श्रीफल भेंट कर एवं माल्यार्पण द्वारा स्वागत किया गया, इसके साथ श्री गुप्ता जी को बहुत-बहुत बधाई दी गई एवं उनकी नियुक्ति पर हार्दिक प्रसान्नाता व्यक्त किया गया, साथ में यह विश्वास किया गया की उनकी ईमानदार छवि से शिक्षा विभाग मे व्याप्त भ्रष्टाचार से मुक्ति मिलेगी। पदाधिकारीयों में वैश्य महासम्मेलन के जिला उपाध्यक्ष श्री रमाकांत पुरवार, जिला महामंत्री निक्की मोदनवाल,नगर प्रभारी कन्हैया लाल गुप्ता, राकेश गुप्ता, रामकृष्ण ताम्रकार,अतुल अग्रवाल,ओम प्रकाश गुप्ता,अमित गुप्ता,अंबर निगम,रवि गुप्ता,श्री निवास गुप्ता,आदि वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित थे,।

# विप्र सेवा फाउंडेशन ने कराया 292 ब्यक्तियों का पंजीयन

रीवा(पुष्पांजली टुडे)। स्वच्छ भारत मिशन के संकल्प को पूर्ण करने के लिए विप्र सेवा फाउंडेशन के चेयरमैंन राजीव शुक्ला आयोजन मे और उपेंद्र द्विवेदी के संयोजन मे ग्राम बरसैता मे निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर मा.उपमुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ला जी के पहल पर आयोजित किया गया जिसमे 292 लोग का पंजीयन हुआ जिसमे थायराइड,शुगर,कोलेस्ट्रॉल, सी . बी.सी,विटामिन डी, लिवर, किडनी व अन्य रक्त जांचो के लिये ब्लड सेंपल लिये रिपोर्ट आने के उपरांत बीमारी का पता लगने पर परामर्श और समुचित उपचार की व्यवस्था कराई जायेगी इस प्रकार के हेल्थ स्क्रीनिंग कैंप से ब?ी बीमारियों का प्रंभिक अवस्था में पता लगाया जा सकता है और सही समय पर उपचार किया जा सकता है मेडिकल कैम्प मे महिलाओ मे काफी उत्साह देखा गया जनमानस




की सेवा के लिए विप्र सेवा संघ पिछले 7 बर्षो से शिक्षा, स्वास्थ्य, निर्धन कन्याओं का विवाह, पर्यावरण, दिव्यांगजन, निशुल्क कोचिंग धर्मशाला निर्माण, पार्क निर्माण, नशामुक्ति,स्किल डेवलपमेंट सहित 500 आयोजन हो कर चूका है.

**डॉ. बी.एल. मिश्रा ने दिलाई नशा मुक्ति की शफत-** स्वास्थ्य विभाग के पूर्व जॉइंट डायरेक्टर डॉक्टर बी एल मिश्रा जी ने तंबाकू मुक्त बरसैता गांव के नागरिकों को शपथ दिलाई उन्होंने बताया कि नशा नाश की जड़ है तंबाकू से ही नशे की शुरुआत होती है धीरे धीरे लोग अफीम, गांजा शराब, का सेवन करने लगते है नशा से शारीरिक, आर्थिक और सामाजिक नुकसान होते हैं दुर्घटना और अपराधिक घटनाओं में बढ़ोतरी का मुख्य कारण नशा ही है डॉ. बी.एल मिश्रा जी 30 वर्षो तक गूढ में अपनी सेवाएं दी सेवानिवृत्ति के बाद सामाजिक सरोकार के क्षेत्र में योगदान दे रहे हैं.इस अवसर पर बरसैता सरपंच श्री रामाश्रय कोल, रामू गर्ग,उपेंद्र द्विवेदी वरिष्ठ पत्रकार व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे.

# मुद्रणालयों को करना होगा निर्वाचन नियमों का कढाई से पालन - जिला दण्डाधिकारी




रीवा(पुष्पांजली टुडे)। लोकसभा चुनाव कार्यक्रम घोषित होने के उपरांत शांतिपूर्ण, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन कराने के लिए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा है कि मुद्रण कार्य करने वाले सभी संस्थानों को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 127 क तथा भारत निर्वाचन आयोग के दिशानिर्देशों का क?ाई से पालन करें। जारी आदेश में कहा गया है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 127 क के अन्तर्गत प्रकाशक उम्मीदवार या राजनैतिक दल की प्रचार सामग्री मुद्रण करने के पूर्व निर्धारित प्रारूप में अनिवार्य रूप से घोषणा पत्र प्राप्त करेंगे। मुद्रण का अभिप्राय किसी दस्तावेज की अनेकानेक प्रतियां तैयार करने से है। निर्वाचन पम्पलेट अथवा पोस्टर तथा निर्वाचन संबंधी अन्य सामग्री मुद्रित करने पर सामग्री पर मुद्रक तथा प्रकाशक का नाम, पता स्पष्ट रूप से उल्लेख किया जाना अनिवार्य होगा। इस तरह की सभी सामग्री निर्वाचन सामग्री की श्रेणी में आएगी जो अभ्यार्थी या अभ्यार्थियों के निर्वाचन को समप्रवर्तित या प्रतिकूलता प्रभावित करने प्रयोजन से मुद्रित कराई जाएगी। सभी मुद्रणालयों को सामग्री मुद्रण करने के तीन दिवस के अन्दर प्रत्येक मुद्रित सामग्री की 3 अतिरिक्त प्रतियों सहित जिला दण्डाधिकारी कार्यालय में जमा करानी होगी। परिशिष्ट क में मुद्रक द्वारा प्रकाशक से संबंधित उम्मीदवार, राजनैतिक दल से जो घोषणा पत्र लिया जाएगा। वह घोषणा पत्र साफ-सुथरा विधिवत रूप से हस्ताक्षरित तथा उसे व्यक्तिगत तौर पर जानने वाले दो व्यक्तियों द्वारा अनुप्रमाणित होना चाहिए। जिला दण्डाधिकारी को अग्रेषित करते समय मुद्रक द्वारा अनिवार्य रूप से अनुप्रमाणित किया जाएगा। मुद्रक द्वारा मुद्रित सामग्री प्रकाशित करने के अन्दर सामग्री की चार प्रतियां प्रकाशक से प्राप्त घोषणा पत्र प्रिन्टर के दस्तावेज की संख्या, मुद्रण के वसूल की कीमत का ब्यौरा संलग्न कर निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत किया जाएगा। सभी सामग्री की मुद्रक द्वारा अलग-अलग मुद्रित प्रतियों की संख्या और वसूल की गई राशि की जानकारी अनिवार्य रूप से देनी होगी।

### खुले बोरवेलों में कैप लगाने के आदेश

# कलेक्टर मऊगंज ने धारा 144 के तहत खुले बोरवेल बंद करने के दिए आदेश

रीवा(पुष्पांजली टुडे)। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी मऊगंज अजय श्रीवास्तव ने सम्पूर्ण मऊगंज जिले में खुले बोरवेल में कैप लगाने के आदेश दिए हैं। यह आदेश दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत जारी किए गए हैं। जारी आदेश के अनुसार अनुपयोगी तथा खुले बोरवेलों में कई बार छोटे बच्चों के गिरने की घटनाएं हो रही हैं। माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा रिट याचिका के संबंध में 11 फरवरी 2010 को पारित आदेश के परिपालन में कलेक्टर ने अनुपयोगी तथा खुले बोरवेलों बोर कैप लगाने के आदेश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा है कि जिन बोरवेलों का उपयोग नहीं किया जा रहा है तथा जिनमें मोटर नहीं डाली गई है उनमें लोहे की मजबूत कैप लगाकर नट-बोल्ट से बंद करें। सभी एसडीएम और तहसीलदार क्षेत्र में भ्रमण आदेश का पालन सुनिश्चित कराएं। वर्तमान परिस्थितियों में आदेश की जन सामान्य और सभी पक्षों को व्यक्तिगत तामीली संभव नहीं है। इसलिए यह आदेश दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 (2) के तहत एक पक्षीय रूप से पारित किया जाता है। जनसंपर्क विभाग तथा जन संचार माध्यमों से आदेश की सूचना आमजनता तक पहुंचाई जाएगी। यदि कोई व्यक्ति इस आदेश से व्यथित है तो दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 (5) के तहत कलेक्टर न्यायालय मऊगंज में आवेदन दे सकता है। आदेश का उल्लंघन करने पर भारतीय दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 188 के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी। यह आदेश 15 मई 2024 तक प्रभावशील रहेगा।

# गैंगस्टर एक्ट में 2 अपराधियों को विशेष न्यायालय गैंगस्टर एक्ट द्वारा सुनाया गया कठोर कारावास और अर्थदंड

**उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवम समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम 1986 (गैंगस्टर एक्ट )के 2 आरोपियों को 05 - 05 वर्ष के कठोर कारावास एवं सभी आरोपियों को ?6000 - 6000 / हजार रुपए जुर्माने की सजा से अपर सत्र विशेष न्यायालय गैंगस्टर एक्ट द्वारा दंडित किया गया। अर्थदंड अदा न करने पर एक - एक माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। सभी दोनो दोषियों को सजायवी वारंट बनाकर कारागार भेज दिया गया हैं।।**




विशेष लोक अभियोजक गैंगस्टर एक्ट सौरभ सिंह ने बताया कि जनपद के थाना मतौंध के प्रभारी निरीक्षक शैल कुमार सिंह ने 03 अप्रैल 2019 को प्राथमिकी दर्ज कराई कि अखिलेश माली पुत्र देवीदीन व बरदानी पुत्र मुलुवा निवासीगण चांदन थोक कस्बा मतौंध थाना मतौंध जनपद बांदा का एक संगठित गिरोह हैं जिनके विरुद्ध थाना मतौंध में मु0अ0सं0 51/2019 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया । अभियोजन विभाग से समन्वय करके समयबद्ध रूप से साक्षियों का साक्ष्य कराकर प्रभावी पैरवी किए जाने के फलस्वरूप अपर सत्र विशेष न्यायाधीश एडीजे पंचम गैंगस्टर कोर्ट द्वारा आरोपियों 05 - 05 वर्ष के कठोर कारावास एवं सभी को 6000 - 6000/रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया । थाना मतौंध में मुकदमा अपराध संख्या 51/2019 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा पंजीकृत कर विवेचक निरीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा संपादित की गई थी। जिस पर न्यायालय में प्रभावी पैरवी पैरोंकर विजय कुमार कोर्ट मोहर्रिर शांति व विशेष लोक अभियोजक गैंगस्टर एक्ट सौरभ सिंह के द्वारा कड़ी मेहनत करने के बाद आरोपियों को सजा दिलायी गई । अपर सत्र न्यायालय पंचम विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट गुणेंद् प्रकाश ने यह फैसला सुनाया है। इसका एक संगठित गिरोह हैं जिसका गैंग लीडर अखिलेश माली हैं इसके विरुद्ध जनपद व अन्य जनपदों के विभिन्न थानों में 16 से ज्यादा मुकदमें पंजीकृत हैं व गैंग के सक्रिय सदस्य बरदानी के विरूद्ध जनपद के विभिन्न थानो में कुल 07 से ज्यादा मुकदमे पंजीकृत हैं दोनो ही दुर्दांत और बहुत ही शातिर किस्म के अपराधी हैं जिनके द्वारा हत्या का प्रयास, अवैध असलहे रखना व उन्ही असलहो से जान से मारने की नियत से फायर करना, डैकती,लूट, राहजनी, बंद घरों में चोरी करना,अवैध शराब रखना और उसका व्यापार करना जैसे हर प्रवत्ति के जघन्य अपराध शामिल हैं यह गैंग बनाकर अपराध करते हैं जिससे यह आर्थिक भौतिक लाभ प्राप्त कर धन अर्जित कर गैंग लीडर और और उसका साथी भाश्दश्सश के अध्याय 16,17 व 22 में अपराध करने में अभ्यस्त अपराधी हैं। इनका आपराधिक इतिहास हैं इस गैंग के द्वारा उपर्युक्त समाज विरोधी कार्य किए जाने पर आम जनमानस में इस गैंग का भय व्याप्त हैं। इनके आतंक से आसपास के क्षेत्र में दहशत फैली हुई हैं।जिसके फलस्वरूप इस गैंग के खिलाफ कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं कराता हैं और न ही कोई गवाही देने का साहस कर पाता हैं।इनका गैंग चार्ट बनाकर जिलाधिकारी महोदय से अनुमोदित करा कर रिपोर्ट दर्ज कराई गई। मामले की सुनवाई के दौरान 26/02/2020 को आरोप बनाया गया। सुनवाई के दौरान अभियोजन की ओर से 3 गवाह पेश किए गए पत्रावली में उपलब्ध साक्षयो के अवलोकन के बाद अपर सत्र विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट गुणेंद् प्रकाश ने अपने 36 पेज के आदेश में सभी दोनो आरोपियों को दोषी पाते हुए सजा सुनाई।।।

# अल्पप्रवास पर ग्वालियर पधारे मनावर विधायक को राजेंद्र सिंह परिहार ने दी शुभकामनाएं

### डॉ अलावा से आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर भी कि अहम चर्चा

दैनिक पुष्पांजलि टुडे ग्वालियर अल्प प्रवास पर ग्वालियर पधारे मनावर विधायक डॉ हीरालाल अलावा का शनिवार को उनके ग्वालियर एवं भिण्ड के समर्थको ने जोरदार स्वागत किया।बता दें कि डॉ हीरालाल अलावा न सिर्फ मनावर विधानसभा से दो बार के विधायक है बल्कि कांग्रेस पार्टी के काद्यावर नेता है।इसके अलावा डॉ हीरालाल अलावा जयस पार्टी के भी संरक्षक है।बता



दें कि शनिवार को भिण्ड कांग्रेस कमेटी की जिला सचिव राजेंद्र सिंह परिहार एवं महासचिव कुलदीप सिंह गुर्जर एवं नकुल माझी ने ग्वालियर पहुंचकर न सिर्फ पुष्पगुच्छ भेटकर स्वागत किया बल्कि मनावर से दूसरी बार भी विधायक चुने जाने पर शुभकामनाएं प्रेषित की। इसके अलावा आगामी लोकसभा चुनाव को भी मध्यनजर रखते हुए डॉ हीरालाल अलावा से विशेष चर्चा की। डॉ हीरालाल अलावा ने बताया कि गजराराजा मेडिकल कालेज ग्वालियर मेडिसिन डिपार्टमेंट एलुमनी मीट 2024 के लिए कई चिकित्सक ग्वालियर पहुंचे है और चिकित्सा क्षेत्र में नए प्रयासों और सार्थकता के साथ जन सेवा किस प्रकार से की जा सके और क्या-क्या नए आयाम चिकित्सक के तौर पर स्थापित किये जा सके उसके लिए भी राजेंद्र सिंह परिहार की चर्चा हुई इसी दौरान शिक्षकों का एक दल अपने विभिन्न मुद्दों पर चर्चा के लिए डॉ हीरालाल अलावा से मिला।

# मुरैना- मुरैना के बी आर गार्डन में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन महामंडलेश्वर स्वामी चिदंबरानंद सरस्वती महाराज ने उधव चरित्र, महारासलीला व रुक्मिणी विवाह का वर्णन किया।



स्वामी जी महाराज ने कहा कि गोपियों ने भगवान श्रीकृष्ण से उन्हें पति रूप में पाने की इच्छा प्रकट की। भगवान श्रीकृष्ण ने गोपियों की इस कामना को पूरी करने का वचन दिया। अपने वचन को पूरा करने के लिए भगवान ने महारास का आयोजन किया। इसके लिए शरद पूर्णिमा की रात को यमुना तट पर गोपियों को मिलने के लिए कहा गया। सभी गोपियां सज-धजकर नियत समय पर यमुना तट पर पहुंच गईं। कृष्ण की बांसुरी की धुन सुनकर सभी गोपियां अपनी सुध-बुध खोकर कृष्ण के पास पहुंच गईं। उन सभी गोपियों के मन में कृष्ण के नजदीक जाने, उनसे प्रेम करने का भाव तो जागा, लेकिन यह पूरी तरह वासना रहित था। इसके बाद भगवान ने रास आरंभ किया। माना जाता है कि वृंदावन स्थित निधिवन ही वह स्थान है, जहां श्रीकृष्ण ने महारास रचाया था। यहां भगवान ने एक अद्भुत लीला दिखाई थी, जितनी गोपियां उतने ही श्रीकृष्ण के प्रतिरूप प्रकट हो गए। सभी गोपियों को उनका कृष्ण मिल गया और दिव्य नृत्य व प्रेमानंद शुरू हुआ। रुक्मिणी विवाह का वर्णन करते हुऐ कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने सभी राजाओं को हराकर विदर्भ की राजकुमारी रुक्मिणी को द्वारका में लाकर उनका विधिपूर्वक पाणिग्रहण किया। मौके पर आयोजक मंडली की ओर से आकर्षक वेश-भूषा में श्रीकृष्ण व रुक्मिणी विवाह की झांकी प्रस्तुत कर विवाह संस्कार की रस्मों को पूरा किया गया। कथा के साथ-साथ भजन संगीत भी प्रस्तुत किया गया।

# बिसात पर भारतीय लोकतंत्र...


राकेश अचल

ठारहवीं लोकसभा के लिए चुनाव सात चरणों में होना है। होना ही चाहिए। हमारे यहाँ सात भांवरों का,सात-पांच वचनो का बड़ा महत्व है। हमारे खगोल शास्त्र में भी सप्तऋषियों का उल्लेख मिलता है ।हम सात जन्मों और सात समंदरों में यकीन करने वाले लोग हैं। ,इसलिए मतदान भी सात चरणों में हो तो कोई आपत्ति नहीं करना चाहिये । आखिर केंचुआ को भी तो किसी न किसी को उपकृत करना होता है। इत्ता बड़ा देश है यदि एक-दो चरण में नयी सरकार चुन लेगा तो लोग क्या कहेंगे? लोगों को कहने का कोई मौका नहीं दिया जाना चाहिए ,फिर भी कुछ तो लोग कहेंगे।

भारत का लोकतंत्र अठारहवीं बार बिसात पर है । लोकतंत्र को जीतने के लिए बाजियां लग रहीं है। कोई जान की बाजी लगा रहा है तो कोई ईमान की बाजी लगा रहा है । किसी ने आँखें खोलकर बाजी लगाने की तैयारी की है तो कोई आँखें बंद कर ब्लाइंड खेलने पर आमादा है। सबकी अपनी-अपनी तैयारी है । किसी ने 2024 के लिए दांव लगाने का इंतजाम किया है और किसी की नजर 2047 पर है। यानि एक से बढ़कर एक योद्धा मैदान में हैं और बेचारे मतदाता की जान सांसत में है। लगता है जैसे वो खुद मोहरा है। सभी मिलजुलकर उसी के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं।

भारत में चुनाव कोई नयी बात नहीं है । जब भारत आजाद नहीं था तब भी उसने चुनाव देखे हैं और आजाद होने के बाद से लगातार भारत और भारत का जनमानस चुनावों से गुजरता हुआ ही 1947 से 2024 तक आ पहुंचा है। चुनाव कराने के लिए भारत के पास एक केंद्रीय चुनाव आयोग है। इस आयोग को चुनाव लड़ने वाले और चुनाव में मोहरा बनने वाले लोग प्यार से केंचुआ कहते हैं,लेकिन मै ठहरा साहित्य का विद्यार्थी ,इसलिए मै चुनाव आयोग को केंचुआ नहीं बल्कि भूमिनाग कहता हूँ । रामचरित मानस के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास ने भी केंचुए को भूमिनाग कहकर ही इज्जत बक्शी है।

आप केंचुआ को दंतहीन,नखहीन या विषहीन कहें लेकिन केंचुआ है कि पूरे पांच साल चुनावों की तैयारी करता है । ये तैयारी युद्धस्तर की होती है और हर चुनाव के बाद नया चुनाव केंचुआ के लिए एक बड़ी चुनौती होता है,क्योंकि हर चुनाव में मतदाताओं की संख्या में घट-बढ़ होती रहती है। देश की विविधता तथा संस्कृति ही नहीं बल्कि भूगोल भी केंचुआ की तैयारियों को प्रभावित करता है। मतदान कराने के लिए मतदाताओं तक चुनाव लड़ने वाले पहुंचे या न पहुंचें लेकिन केंचुआ वहां तक पहुंचता है । इसलिए केंचुआ तमाम निन्दा और आलोचनाओं के बावजूद प्रशंसा का पात्र भी है। केंचुआ पहाड़,जंगल,नदी-नाले,सर्दी,गर्मी,बरसात की तमाम बाधाओं को पार करने में सिद्धहस्त हो चुका है। समय के साथ केंचुआ की महारत भी लगातार बढ़ी है।

देश में अठारहवीं बार संसद के लिए चुनाव करने जा रहे केंचुआ ने इस बार लगभग 97 करोड़ मतदाताओं को मताधिकार का इस्तेमाल कराने के लिए इंतजाम किये हैं ताकि झंझावातों में फंसा लोकतंत्र महफूज रह सके ,उसका फ्यूज न उड़े। लोकतंत्र का फ्यूज उड़ाने की हालिया



कोशिशों से सारा देश और दुनिया वाकिफ है ,इसलिए इस पर विस्तार से फिर कभी। केंचुआ ने 18 साल के नवोदित मतदाता से लेकर शतायु हो चुके मतदाताओं की भी चिंता की है। देश का सौभाग्य है कि उसके पास आज भी दो लाख से ज्यादा ऐसे मतदाता हैं जिन्होंने पूरी शताब्दी देखी है । केंचुआ ने इस बार 85 साल की उम्र पार कर चुके मतदाताओं को घर बैठे मतदान करने की व्यवस्था भी की है ,यदि वे चाहें तो। केंचुआ वृहन्नलाओं की भी बराबर फिक्र करता है।

भारतीय लोकतंत्र में हर तरह का बल इस्तेमाल किया जाता है । केंचुआ के पास चुनाव के लिए डेढ़ करोड़ कर्मचारी और लाखों का फौज-फांटा होता है। केंचुआ के समाने केवल गौधन,गजधन,बाजधन और रतनधनों से निबटने की ही चुनौती नहीं होती बल्कि उसे इलेक्टोरल धन और बाहुबल से भी निबटना पड़ता है। हर किसी की कोशिश होती है कि वो लोकतंत्र की डोली बलात अपने घर ले जाये। कभी इसमें कामयाबियां भी मिलती हैं और कभी नहीं भी। बलाबल के इस्तेमाल से जब-तब चुनाव रक्तरंजित भी हो जाते हैं ,लेकिन केंचुआ का कहना है की वो चुनावों में किसी भी सूरत में रक्तपात नहीं होने देगा । मेरा मन करता है कि इस आश्वासन के लिए मै केंचुआ के मुंह में घी-शक़्कर भर दूँ।

खुशी की बात है कि केंचुआ सियासत में बढ़ती अदावतों और घटियापन से भी वाकिफ है। लेकिन ये सिर्फ खुशी की बात है संतुष्ट होने की बात नहीं, क्योंकि सियासत के घटियापन से निबटने के लिए केंचुआ घटियापन कहाँ से लाएगा ? केवल एडवांस एडवाइजरी जारी करने से तो बात बनने वाली नहीं है । इसके लिए एक्शन की भी जरूरत है जो शायद केंचुए के बूते की बात नहीं है ,क्योंकि आखिर केंचुए को झुकना तो अपने नियोक्ता के प्रति ही है। हालाँकि केंचुआ नियोक्ता के प्रति नहीं बल्कि संविधान के प्रति जबाबदेह है। केंचुआ भी इस हकीकत से वाकिफ है लेकिन उसकी अपनी मजबूरियां भी हैं। जैसे सभी को राम कठपुतलियों की तरह नाचते हैं ,उसी तरह केंचुए को भी नचाने वाले/ नथने वाले तमाम सपेरे देश की सियासत में मौजूद हैं। [खुदा खैर करे ]

चुनाव गोया की एक पर्व है इसलिए उसे पर्व की ही तरह मनाया जाना चाहिए न कि महाभारत की तरह और न कि किसी जुए की तरह खेला जाना चाहिए। पर्व में होम-हवन सब होता है। चुनाव में भी बहुत सा जनधन और मानवश्रम का होम-हवन होगा इसलिए जरूरी है कि इस पर्व में सभी पक्ष एहतियात बरते । हम लिखने वालों की यही एडवाइजरी है । इससे ज्यादा हम लोग कर भी क्या कर सकते हैं ? केंचुआ भी तो हमारी ही तरह कभी कुछ नहीं कर पाता। देश का दुर्भाग्य ये है कि देश का बुद्धिजीवी समाज भी केंचुए की तरह अपवादों को छोड़कर नख-दन्त विहीन हो चुका है। अपने-अपने बिल में घुसा हुआ है। एक दशक की अराजकता /रामराज के बावजूद 1975 की तरह समग्र क्रांति का बिगुल नहीं फूंक पाया है। समस्या ये है कि देश बार-बार जयप्रकाश नारायण कहाँ से लाये। देश को इंदिरा मैया और मोदी भैया तो बार-बार मिल जाते हैं।

देश को इस चुनाव के जरिये 2047 के लिए नहीं 2029 तक के लिए ही सरकार को चुनना है। 2047 तक तो उसे बार बार सरकार चुनने का मौका मिलेगा ,इसलिए दूर की न सोचें ,पास की ही सोचे। देश में पहले भी पंचवर्षीय योजनाएं बनाकर काम होता रहा है ,23 वर्षीय योजनाएं दुनिया के किसी भी देश में न बनाई जाती हैं और न उनके ऊपर काम हो पाता है ,उलटे इस कोशिश में घल्लूघारा हो जाता है। इससे बचने की जरूरत है। जरूरत से ज्यादा सोचना और करना हमेशा लाभदायक नहीं होता। वैसे दूर-दृष्टि और पक्का इरादा कांग्रेस का पुराना नारा रहा है और गारंटी भी कोई नया शब्द नहीं है । कांग्रेस ने महात्मा गाँधी राष्ट्रीय रोजगार योजना में गारंटी बहुत पहलेबाबस्ता कर दी थी । फर्क सिर्फ इतना है कि कांग्रेस की गारंटी महात्मा गाँधी के नाम से थी और भाजपा की गारंटी महात्मा मोदी जी के नाम से है।

बहरहाल अठारहवीं लोकसभा के लिए चुनाव सात चरणों में होना है। होना ही चाहिए। हमारे यहाँ सात भांवरों का,सात-पांच वचनों का बड़ा महत्व है। हमारे खगोल शास्त्र में भी सप्तऋषियों का उल्लेख मिलता है ।हम सात जन्मों और सात समंदरों में यकीन करने वाले लोग हैं। ,इसलिए मतदान भी सात चरणों में हो तो कोई आपत्ति नहीं करना चाहिये । आखिर केंचुआ को भी तो किसी न किसी को उपकृत करना होता है। इत्ता बड़ा देश है यदि एक-दो चरण में नयी सरकार चुन लेगा तो लोग क्या कहेंगे ? लोगों को कहने का कोई मौका नहीं दिया जाना चाहिए ,फिर भी कुछ तो लोग कहेंगे, लोगों का काम है कहना, छोडो बेकार की बातों को ,कहीं बीत न जाये महीना । आखरी बात ये है कि इस चुनाव में फिलहाल वन नेशन,वन इलेक्शन का सपना तो पूरा नहीं हो रहा किन्तु सिक्किम, ओडिशा, अरुणाचल, आंध्र जैसे अनेक राज्य हैं जहाँ की जनता वन नेशन,वन इलेक्शन का प्रतीकात्मक आनद ले सकती है सांसदों के साथ ही अपने विधायक चुनकर। अब ये उन राज्यों की जनता पर निर्भर करता है की वे अपने लिए सिंगल इंजिन की सरकार चुनें या डबल इंजन की। बहरहाल मेरी और से सभी को हार्दिक शुभकामनाएं ,भले ही वे चुनाव लड़ रहे हों,या लड़ा रहे हो। या मूकदर्शक बनकर लोगों को चुनाव लड़ते-लड़ाते देख रहे हों।

## संपादकीय

### भाजपा के सहयोगियों को खास सुरक्षा

भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार ने खुले हाथ से सुरक्षा बांटी है। देश के हर हिस्से में बड़ी संख्या में ऐसे नेता मिल जाएंगे, जिनको वाई या जेड श्रेणी की सुरक्षा मिली है। अगर नेता भाजपा की सहयोगी पार्टी का है तो उसको सुरक्षा मिलने की संभावन ज्यादा रहती है। भाजपा के प्रत्यक्ष या परोक्ष सहयोगियों को अलग अलग श्रेणियों की सुरक्षा मिली हुई है। भाजपा ने अपने नेताओं को भी सुरक्षा देकर उनका कद बढ़ाया है। 2021 के विधानसभा चुनाव के बाद तो भाजपा ने पश्चिम बंगाल में जीते अपने सभी 75 विधायकों को केंद्रीय सुरक्षा बलों की सुरक्षा मुहैया करा दी थी। इसी तरह महाराष्ट्र में शिव सेना और एनसीपी टूटने के बाद कई नेताओं को सुरक्षा दी गई। हाल में दो नेताओं को मिली सुरक्षा चर्चा का विषय है। भाजपा की सहयोगी और केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल को जेड श्रेणी की सुरक्षा दी गई है। केंद्रीय मंत्रियों को मिलने वाली सुरक्षा उनको पहले से मिली थी लेकिन उसे अपग्रेड किया गया है। बताया जा रहा है कि इस बार लोकसभा चुनाव में वे दो की बजाय तीन सीट मांग रही थीं। दूसरी दिलचस्प बात यह है कि बहुजन समाज पार्टी की नेता मायावती के भतीजे आकाश आनंद को भी वाई श्रेणी की सुरक्षा दी गई है। पिछले ही दिनों मायावती ने उनको अपना उत्तराधिकारी घोषित किया है और साथ ही विपक्ष की पार्टियों के साथ तालमेल नहीं करने का ऐलान भी किया।

### विवादित नेताओं की फिर कटी टिकट

भाजपा में विवादित नेताओं की टिकट कटने का सिलसिला जारी है। पार्टी ने पहली सूची में कई विवादित नेताओं को बेटिकट किया है। अक्सर अपने बयानों से विवादों में रही भोपाल की सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर को इस बार पार्टी ने टिकट नहीं दिया है तो संसद के अंदर बसपा सांसद दानिश अली पर विवादित बयान देने वाले रमेश विधूड़ी को भी टिकट नहीं मिली। यह सिलसिला दूसरी सूची में भी जारी रही। भाजपा ने 72 उम्मीदवारों की दूसरी सूची में कर्नाटक के दो ऐसे सांसदों की टिकट काटी है, जो पिछले कुछ दिनों से किसी न किसी कारण से विवादों में घिरे रहे थे और उनकी वजह से पार्टी को बैकफुट पर आना पड़ा। भाजपा ने इस बार कर्नाटक से अपने सांसद प्रताप सिम्हा की टिकट काट दी। पिछले दिनों वे इस बात को लेकर विवाद में आए थे कि उनकी सिफारिश पर कुछ लोगों का सांसद का पास बना था, जिन्होंने संसद भवन के अंदर विरोध प्रदर्शन किया। दो लोगों ने तो संसद की दर्शक दीर्घा से सदन के अंदर छलांग लगा दी थी और धुआं छोड़ा था। बाद में इनको गिरफ्तार किया गया। गौरतलब है कि इस सिलसिले में प्रताप सिम्हा पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसी तरह लोकसभा चुनाव में 370 सीटें जीत कर संविधान बदलने का बयान देने वाले भाजपा सांसद अनंद हेगड़े की टिकट भी कट गई है।


## चिंतन-मनन

### नित अभ्यास से दर्शन कर सकते हैं ईश्वर का

सभी शास्त्र कहते हैं कि बिना भगवान को प्राप्त किये मुक्ति नहीं मिल सकती है। इसलिए भगवान की तलाश के लिए कोई व्यक्ति मंदिर जाता है तो कोई मस्जिद, कोई गुरूद्वारा, तो कोई गिरजाघर। लेकिन इन सभी स्थानों में जड़ स्वरूप भगवान होता है। अर्थात ऐसा भगवान होता है जिसमें कोई चेतना नहीं होती है। असल में भगवान की चेतना तो अपने भक्तों के साथ रहती है इसलिए मंदिर में हम जिस भगवान को देखते हैं वह मौन होकर एक ही अवस्था में दिखता है। जब हमारी चेतना यानी इन्द्रियां अपने आस-पास ईश्वर को महसूस करने लगती है तब हम जहां भी होते हैं वहीं ईश्वर प्रकट दिखाई देता है। उस समय भगवान को ढूंढने के लिए मंदिर या किसी तीर्थ में जाने की आवश्यकता नहीं होती है। जब व्यक्ति इस अवस्था को प्राप्त कर लेता है तब व्यक्ति के साथ चल रही भगवान की चेतना व्यक्ति के मंदिर में प्रवेश करने पर मंदिर में मौजूद ईश्वर की प्रतिमा में समा जाती है और मूक बैठी मूर्ति बोलने लगती है। यह उसी प्रकार होता है जैसे मृत शरीर में आत्मा के प्रवेश करने पर शरीर में हलचल होने लगती है। शरीर की क्रियाएं शुरू हो जाती है।?

मंदिर में विराजमान मूर्ति वास्तव में एक मृत शरीर के समान है। मृत की पूजा करें अथवा न करें उसे कोई फर्क नहीं पड़ता। हमारी श्रद्धा और भक्ति की अनुभूति वही कर सकता है जिसमें चेतना हो प्राण हो। इसलिए तीर्थों में भटकने की बजाय जिस देवता की उपासना करनी हो उसे अपनी आत्मा से ध्यान करें उनकी आत्मा अर्थात परमात्मा से संपर्क करें, परमात्मा की पूजा करें तो, जो फल वर्षों मंदिर यात्रा से नहीं मिल सकता, वही फल कुछ पल के ध्यान से मिल सकता है।

# अमेरिका में अडानी समूह के खिलाफ जांच शुरू


राकेश अचल



अमेरिका में गौतम अडानी और अडानी समूह के खिलाफ जांच शुरू कर दी गई है। अमेरिका के अटॉर्नी ऑफिस और वाशिंगटन न्याय विभाग के अधिकारियों ने इस मामले में टिप्पणी करने से मना कर दिया है। अमेरिका का कानून, अपने अधिकारियों को विदेश में हुए भ्रष्टाचार के मामलों में क्रास एग्जामिनेशन और दस्तावेजों की जांच करने की अनुमति देता है। अमेरिकी कानून के अनुसार इस तरह की किसी भी जांच के लिए एक शर्त होती है। अमेरिका के निवेशक का पैसा यदि उसमें लगा हुआ है, तो इस तरह के मामले में जांच की जा सकती है। 24 जनवरी 2023 को हिडेनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट में अडानी समूह पर मनी लॉड्रिंग के जरिए शेयर मैनिपुलेशन करने के आरोप लगाए गए थे। केस की जांच अमेरिका में अब शुरू हुई है। भारत में भी सुप्रीम कोर्ट ने 16 सदस्यों की कमेटी बनाई थी। सुप्रीम कोर्ट ने सेबी को जांच करने के लिए कहा था। सेबी ने एक हिसाब से अडानी समूह को क्लीन चिट दे दी है। सुप्रीम कोर्ट में भी यह मामला लगभग ठंडे बस्ते में चला गया है। सूत्रों के अनुसार रिपोर्ट में जानकारी दी गई है, रिन्यूबल एनर्जी कंपनी, एज्योर पावर ग्लोबल की जांच की जा रही है। न्यूयॉर्क के पूर्वी डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी ऑफिस और वाशिंगटन के न्याय विभाग द्वारा धोखाधड़ी की जांच की जा रही है।

भारत में हाल ही में इलेक्टोरल बांड का मामला सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद तूल पकड़ रहा है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर इलेक्टोरल बांड के संबंध में समस्त जानकारी स्टेट बैंक आफ इंडिया को चुनाव आयोग को देनी पड़ी है। चुनाव आयोग ने स्टेट बैंक से मिली जानकारी को पोर्टल में अपलोड कर दिया है। उसके बाद से ही भारत में कॉर्पोरेट भ्रष्टाचार, ईडी और सीबीआई की संलिप्तिता को लेकर तूफान मचा हुआ है। इलेक्टोरल बांड भारत का अभी तक का हुआ सबसे बड़ा भ्रष्टाचार का घोटाला बताया जा रहा है। विपक्षी दलों द्वारा इस मामले में अडानी समूह के साथ-साथ सरकार को भी निशाने पर लिया गया है। भारत सरकार की अडानी समूह पर मेहरबानी रही है। इलेक्टोरल बांड के साथ-साथ अब पीएम केयर फंड के घपले-घोटाले में शामिल किया जा रहा है। जिस तरह से इलेक्टोरल बांड की जानकारी को गुप्त रखा गया था, उसी तरह पीएम केयर फंड की जानकारी को भी गुप्त रखा गया है। सूचना अधिकार कानून के तहत इसकी कोई जानकारी अभी तक उजागर नहीं की गई है। पीएम केयर फंड का कोई भी ऑडिट केग तथा सीए द्वारा अभी तक नहीं किया गया है। भारत में इलेक्टोरल बांड के खुलासे के बाद अब पीएम केयर फंड को भी विपक्ष ने निशाने पर ले लिया है।

अमेरिका में गौतम अडानी के आचरण तथा अडानी समूह की कंपनी द्वारा भारतीय अधिकारियों को एनर्जी प्रोजेक्ट में अपने मन मुताबिक काम करने के लिए रिश्वत देने का आरोप है। अमेरिकी न्यायालय तथा कानून विभाग की जांच में अडानी समूह को सारी जानकारी अनिवार्य रूप से देना पड़ेगा। अमेरिकी न्यायालयों और जांच एजेंसी का काम करने का तरीका भारत से अलग है। भारत में अडानी समूह के बचाव में सरकार खड़ी हो गई थी। अमेरिका में यह संभव नही हो पाएगा। भारत में रिलायंस समूह और अडानी समूह के बीच चल रही प्रतिस्पर्धा भी अमेरिकी जांच को नया मोड़ दे सकती है। अडानी समूह का अंतरराष्ट्रीय व्यापार है। उसके अंतरराष्ट्रीय निवेशक हैं। हिन्नडबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट में अडानी समूह के ऊपर मनी लॉड्रिंग और शेयर मैनिपुलेशन के आरोप हैं। उनकी जांच शुरू हो जाने से भविष्य में अडानी समूह की मुसीबतें बढ़ने वाली हैं। अडानी समूह द्वारा अमेरिका में इस तरह की जांच से इनकार किया है, लेकिन जो रिपोर्ट आई है, उसके अनुसार अमेरिका में जांच शुरू हो गई है। भारत के आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है, अमेरिका में अडानी समूह का बच पाना बहुत मुश्किल है। अमेरिका में भी राष्ट्रपति पद के चुनाव इसी वर्ष होना है। अमेरिका का मीडिया और अंतरराष्ट्रीय मीडिया इस तरह की खबरों को उजागर करने में जी-जान लगा देता है। ऐसा लगता है कि अब अडानी समूह की मुसीबतें बढ़ती चली जा रही हैं।

# वैश्विकी: चुनाव का मौसम और अमेरिका


दिलीप चौबे



भारत में आम चुनाव को लेकर दुनिया भर में दिलचस्पी है, हालांकि अधिकतर राजधानियों में यह विश्वास है कि राजनीतिक निरंतरता कायम रहेगी। चुनाव के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विदेश दौरों और कूटनीतिक आयोजनों की तारीख पहले से तय हो रहीं हैं। ऐसा नहीं है कि सभी देश प्रधानमंत्री मोदी की सत्ता में वापसी की संभावना से खुश हैं, लेकिन उन्हें हकीकत से समझौता करना पड़. रहा है। अमेरिका जैसे देश खुफिया एजेंसियों सहित विभिन्न स्त्रोतों से जानकारी जुटाते हैं कि हवा का रुख क्या है। लेकिन अब इन देशों के पास ऐसी ताकत और सामर्थ्य नहीं है कि वे चुनावी राजनीति को पहले की तरह प्रभावित कर सकें। उन्हें इस बात की भी आशंका रहती है कि चुनावी नतीजे उनकी आशा के अनुरूप नहीं रहे तो नई सरकार उनके प्रति कैसा रवैया अपनाएगी।

अमेरिका ने आम चुनाव से ठीक पहले कुछ ऐसे कदम उठाए हैं जिनसे भारत के कुछ कूटनीतिक तबके आपत्ति जाहिर कर सकते हैं। नए नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) पर अमेरिकी विदेश मंत्रालय की प्रतिक्रिया ऐसा ही एक उदाहरण है। सीएए पर अमेरिका का बयान बहुत सधा हुआ है तथा इसमें इस बात का ध्यान रखा गया है कि कोई ऐसी बात न बोली जाए जिससे भारत में किसी को आपत्ति हो। बावजूद इसके स्पष्ट है कि अमेरिका सीएए को भेदभावपूर्ण और लोकतांत्रिक शासन प्रणाली के खिलाफ मानता है। भारत ने बाइड़न प्रशासन की आपत्ति को खारिज कर दिया।

नवीनतम घटनाक्रम में अमेरिका से यह रिपोर्ट आई थी कि वहां का जस्टिस विभाग भारत के उद्योगपति गौतम अदानी के विरुद्ध जांच कर रहा है। रिपोर्ट के अनुसार अदानी पर यह आरोप है कि उन्होंने ऊर्जा क्षेत्र में सौदे हासिल करने के लिए भारतीय अधिकारियों को रिश्वत दी। आश्चर्य की बात यह है कि यदि पूरा मामला भारत में हुए सौदों और भारतीय अधिकारियों को रिश्वत देने का है तो अमेरिका इसमें टांग क्यों अड़ा रहा है। भारत में चुनाव प्रक्रिया शुरू हो गई है और इस दौरान अमेरिका की ओर से यदि कोई खुलासा किया गया तो इसे चुनाव में सीधा हस्तक्षेप माना जाएगा। नई सरकार अमेरिका की ऐसी किसी कार्रवाई पर निश्चित रूप से सख्त रवैया अपनाएगी।

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने हाल में एक साक्षात्कार में कहा कि अर्थव्यवस्था की तरह राजनीति भी ग्लोबल हो गई है। उनकी मुख्य चिंता यह है कि जो राजनीतिक तबके घरेलू राजनीति में असफल हो जाते हैं वे अन्य देशों से समर्थन हासिल करने की कोशिश करते हैं। विदेशी मीड़िया और थिंक टैंक के जरिये भारत में लोकतंत्र की सेहत के बारे में निष्कर्ष निकाला जाता है। इस सिलसिले में जयशंकर का वह बयान उल्लेखनीय है कि उन्होंने अमेरिकी पूंजीपति जॉर्ज सोरोस को निशाना बनाया था। उन्होंने कहा था कि सोरोस एक बुजुर्ग और निश्चित मत वाले धन पशु हैं। आमतौर पर उनकी बातों को नजरअंदाज किया जा सकता है। लेकिन ऐसा व्यक्ति जब धन-बल के जरिये किसी देश में जनमत निर्माण की कवायद करता है तो यह चिंता की बात है। इस संबंध में रूस में राष्ट्रपति चुनाव को एक उदाहरण के रूप में पेश किया जा सकता है। रूस में मतदान जारी है तथा राष्ट्रपति ब्लादीमिर पुतिन की विजय निश्चित है।

यूक्रेन युद्ध में रूस के हाथों मात खाने वाला अमेरिका पुतिन की जीत को रोकने की स्थिति में नहीं है। केवल 2012 के राष्ट्रपति चुनाव में अमेरिका ने पुतिन के सामने गंभीर चुनौती पेश की थी। उस समय रूस का राष्ट्रवादी तबका पुतिन के पक्ष में लामबंद हो गया था। इसे समय का फेर कहा जाएगा कि अब अमेरिका और पश्चिमी देश रूस पर आरोप लगाते हैं कि वह उनके यहां चुनाव को प्रभावित करने की कोशिश कर रहा है।


अमेरिका में 2016 के चुनाव में ड़ोनाल्ड़ ट्रंप की जीत को पुतिन की साजिश का नतीजा बताया गया था। इसी तरह यूरोप के कई देशों के नेता भी अपनी संभावित हार का दोष पुतिन पर मढ़ने की कवायद कर रहे हैं। देर-सबेर उन नेताओं को यह सचाई स्वीकारनी होगी कि यूक्रेन और गाजा के संबंध में उन्होंने जो नीतियां अपनाई हैं, उन्हें जनता पसंद नहीं करती। बुद्धिमानी तो यह होगी कि ये नेता अपनी नीतियों में बदलाव करें तथा रूस को कोसना बंद करें।



# अंदाज अपना अपना के सीक्वल पर आमिर ने दिया बड़ा अपडेट

**आमिर खान अपना जन्मदिन मना रहे हैं। उनके बर्थडे पर फैंस उन्हें जमकर बधाइयां दे रहे हैं। इस मौके पर अभिनेता पैपराजी के साथ जश्न मनाते नजर आए। पैपराजी के साथ केक काटने के दौरान उनकी पूर्व पत्नी किरण राव भी अभिनेता के साथ मौजूद थीं।**

हाल ही में सोशल मीडिया पर एक बातचीत के दौरान उन्होंने कल्ट क्लासिक कॉमेडी अंदाज अपना अपना के सीक्वल पर हिंट देते हुए फैंस का उत्साह बढ़ा दिया। बातचीत के दौरान आमिर खान ने खुलासा किया कि निर्देशक राजकुमार संतोषी सक्रिय रूप से सीक्वल पर काम कर रहे हैं। लाइव सेशन के दौरान आमिर खान ने फैन्स और दर्शकों से बातचीत की और एक बड़ा खुलासा करते हुए साझा किया कि संतोषी अंदाज अपना अपना 2 की स्क्रिप्ट पर काम कर रहे हैं। हालांकि, उन्होंने यह भी साफ किया कि यह अभी शुरुआती चरण में है और इसे लेकर उत्साहित होना जल्दबाजी होगी। साल 1994 में आई फिल्म अंदाज अपना अपना ने अपनी कॉमेडी से लोगों के लिए में खास जगह बनाई है। संतोषी के निर्देशन में बनी इस फिल्म में आमिर खान, सलमान खान, रवीना टंडन, करिश्मा कपूर, परेश रावल और शक्ति कपूर जैसे कलाकार शामिल थे। वर्क फ्रंट की बात करें तो आमिर को आखिरी बार लाल सिंह चड्ढा नाम की फिल्म में देखा गया था। इस फिल्म से उन्होंने चार साल बाद बड़े पर्दे पर वापसी की थी। हालांकि, टिकट खिड़की पर यह फिल्म सफल नहीं हो सकी थी। इस फिल्म के बाद उन्होंने अभिनय से ब्रेक ले लिया था। अब वे जल्द ही सितारे जमीन पर नाम की फिल्म के साथ वापसी करने जा रहे हैं। फिल्म को इस साल क्रिसमस के मौके पर रिलीज करने की तैयारी चल रही है। वहीं, वे सनी देओल स्टारर लाहौर 1947 का निर्माण भी कर रहे हैं। फिल्म का निर्देशन राजकुमार संतोषी कर रहे हैं। इस फिल्म से प्रीति जिंटा लंबे समय बाद बड़े पर्दे पर वापसी करने जा रही हैं।



# 100 करोड़ी फिल्में देने में सबसे आगे हैं ये अभिनेत्रियां

**हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के बहुत से अभिनेताओं की फिल्में 100 करोड़ क्लब में शामिल हैं, लेकिन क्या आपने उन अभिनेत्रियों के बारे में सुना हैं, जो बड़ी संख्या में 100 करोड़ी फिल्म का हिस्सा रह चुकी हैं। आइए उन अदाकाराओं के बारे में जानते हैं, जिनकी कई फिल्में इस क्लब में शामिल हैं।**

### कैटरीना कैफ

बॉलीवुड की सबसे खूबसूरत अभिनेत्रियों में से एक कैटरीना कैफ का नाम इस लिस्ट में सबसे ऊपर है। फिल्म बूम से अपने करियर की शुरुआत करने वाली अभिनेत्री ने अब तक एक से बढ़कर एक हिट फिल्मों में काम किया है। उनकी अब तक कुल नौ फिल्में 100 करोड़ी क्लब में शामिल हो चुकी हैं। टाइगर 3 उनकी आखिरी फिल्म थी, जिसने बॉक्स ऑफिस पर यह कारनामा किया था।

### दीपिका पादुकोण

हिंदी फिल्म इंडस्ट्री की सबसे शानदार अभिनेत्रियों में दीपिका का नाम भी जरूर शामिल किया जाता है। उनकी फिल्में फैंस को खूब पसंद आती हैं। दीपिका अब तक कुल दस 100 करोड़ी फिल्मों का हिस्सा रह चुकी हैं। उनकी आखिरी फिल्म फाइटर ने बॉक्स ऑफिस पर 200 करोड़ से अधिक की कमाई की थी।

### करीना कपूर खान

करीना कपूर खान की गिनती बॉलीवुड की टॉप अभिनेत्रियों में होती है। वे अब तक कई हिट फिल्मों का हिस्सा रह चुकी हैं। करीना अपनी अदाकारी से लाखों दिलों पर राज करती हैं। उनकी ज्यादातर फिल्में बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई करती हैं। करीना की सात फिल्में 100 करोड़ी क्लब का हिस्सा रही हैं।

### आलिया भट्ट

बॉलीवुड की सबसे प्रतिभाशाली अभिनेत्रियों में से एक आलिया भट्ट भी कई 100 करोड़ी फिल्मों में बतौर लीड एक्ट्रेस नजर आ चुकी हैं। स्टूडेंट ऑफ द ईयर से अपनी शुरुआत करने वाली अभिनेत्री की आठ फिल्में 100 करोड़ के आंकड़े को पार कर चुकी हैं। उनकी फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी ने 150 करोड़ से अधिक की कमाई की थी।



# न्यूयॉर्क के संयुक्त राष्ट्र पैनल का हिस्सा बनीं मृणाल ठाकुर

छोटे पर्दे से अभिनय करियर की शुरुआत करने वालीं अभिनेत्री मृणाल ठाकुर बॉलीवुड के साथ-साथ टॉलीवुड इंडस्ट्री में भी अपने अभिनय का लोहा मनवा चुकी हैं। अभिनेत्री ने शाहिद कपूर और ऋतिक रोशन जैसे बड़े सितारों के साथ स्क्रीन स्पेस साझा किया है। वहीं, अब अभिनेत्री के फैंस के लिए एक और गर्व की बात है। मृणाल ठाकुर आज यानी 14 मार्च को यौन हिंसा की मानवीय लागत नामक एक आगामी पैनल चर्चा में भाग लेने वाली हैं। अभिनेत्री, पैनल में विषय पर अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों और विशेषज्ञों के साथ शामिल होंगी। मृणाल ठाकुर इस महीने के अंत में न्यूयॉर्क के संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में संघर्ष से संबंधित यौन हिंसा की मानवीय लागत नामक एक आगामी पैनल चर्चा में भाग लेने के लिए तैयार हैं। मानव तस्करी की गंभीर वास्तविकता पर प्रकाश डालने वाली लव सोनिया जैसी फिल्मों में अपनी प्रभावशाली भूमिकाओं के लिए जानी जाने वालीं मृणाल ठाकुर पैनल में शामिल होंगी। अभिनेत्री फिलहाल भारत में अपनी आगामी फिल्म द फैमिली स्टार के प्रचार अभियान में व्यस्त हैं। पैनल का उद्देश्य संघर्ष क्षेत्रों में यौन हिंसा के वैश्विक संदर्भ और प्रभाव का पता लगाना है, जिसमें मानव तस्करी के साथ इसके संबंध भी शामिल हैं। लव सोनिया में तस्करी के पीड़ितों द्वारा सामना किए गए कष्टदायक अनुभवों के चित्रण को देखते हुए, अभिनेत्री की उपस्थिति चर्चा में महत्वपूर्ण वजन जोड़ती है। पैनल में मृणाल के साथ माशा एफोसिनिना, फौजिया कूफी, कोहव एल्कायम लेवी, मौजा गेब्रेमेधिन और एरीग एलहागविल जैसी नामचीन हस्तियां शामिल होंगी। यह आयोजन वैश्विक स्तर पर मजबूत बातचीत और वकालत के लिए एक मंच बनने का वादा करता है। कार्यक्रम के लिए अपना उत्साह व्यक्त करते हुए, मृणाल ठाकुर ने कहा, इस पैनल चर्चा का हिस्सा बनना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है। लव सोनिया सिर्फ एक फिल्म नहीं थी। यह मानवता के सबसे अंधेरे कोनों में एक यात्रा थी, जो अकल्पनीय घटनाओं पर प्रकाश डालती है। अपनी भूमिका के माध्यम से, मुझे इस मुद्दे की जटिलताओं को गहराई से समझने का अवसर मिला, और तब से यह एक ऐसा मुद्दा बन गया है जो अविश्वसनीय रूप से मेरे दिल के करीब है।



# प्यार के मामले में ओल्ड-स्कूल हैं कृति

नेहा धूपिया इन दिनों अपने शो नो फिल्टर नेहा की वजह से सुर्खियां बटोर रही हैं। यह शो अपने पिछले सीजन से काफी अलग और बेहतर है। नो फिल्टर नेहा के इस सीजन में अभी तक शाहिद कपूर, टाइगर श्रॉफ और करीना कपूर खान बतौर मेहमान आ चुके हैं। वहीं शो के आगामी एपिसोड में कृति सेनन अपनी निजी जिंदगी के बारे में से नेहा बातें करती नजर आएंगी। सोशल मीडिया पर नेहा और कृति के इस एपिसोड का प्रोमो काफी वायरल हो रहा है। बॉलीवुड में नेहा धूपिया अपनी बेबाकी के लिए मशहूर हैं। नेहा का वही बेबाक अंदाज उनके चैट शो में भी देखने मिलता है। नो फिल्टर नेहा के अगले एपिसोड में बॉलीवुड की खूबसूरत अभिनेत्री कृति सेनन बतौर मेहमान दिखाई देने वाली हैं। यूट्यूब पर जारी किए गए शो के प्रोमो में नेहा कृति से पूछती हैं कि उन्हें कैसे जीवनसाथी की तलाश है। इस सवाल के जवाब में कृति कहती हैं, सच कहूं तो मुझे डेटिंग ऐप्स पर बिल्कुल भी भरोसा नहीं है। मैंने अपने आस-पास के लोगों को बता रखा है कि मुझे एक जीवन साथी की तलाश है और उसे ढूंढने में वे मेरी मदद करें। कृति सेनन अपनी बात जारी रखते हुए कहती हैं, मैं प्यार को लेकर एकदम पुरानी सोच रखती हूं। मुझे एक ऐसा जीवनसाथी चाहिए जो मेरे साथ बिल्कुल ईमानदार हो और मुझ से बहुत प्यार करे। मेरे लिए वफादार होना बहुत मायने रखता है।

# 24 मई को रिलीज होगी मनोज बाजपेयी की फिल्म भैया जी

मनोज बाजपेयी इन दिनों सुर्खियों में बने हुए हैं। उनकी बहुप्रतीक्षित फिल्म भैया जी रिलीज के लिए तैयार है। आज अभिनेता ने अपने सोशल मीडिया हैंडल से फिल्म के पोस्टर को साझा किया है। साथ ही साथ उन्होंने फिल्म की रिलीज डेट का भी खुलासा किया है। अभिनेता मनोज बाजपेयी बॉलीवुड में अलग किरदार निभाने के लिए मशहूर हैं। उनकी हर फिल्म उनकी पिछली फिल्म से अलग होती है। आज अभिनेता ने अपनी आगामी फिल्म भैया जी के पोस्टर को साझा किया है। पोस्टर में मनोज ठेठ गांव वाले अंदाज में नजर आ रहे हैं। मनोज धोती-कुरता और कोट पहन सड़क पर बैठे दिख रहे हैं। भैया जी के लुक को पूरा करने के लिए उन्होंने होंठों के बीच बीड़ी दबा रखा है। मनोज बाजपेयी ने अपनी आगामी फिल्म भैया जी के पोस्टर को साझा करते हुए लिखा है, आ रहे हैं वो। इस पोस्टर को देखकर ही मनोज के फैंस काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं। अभिनेता ने पोस्टर के साथ-साथ फिल्म की टीजर के रिलीज डेट का भी खुलासा किया है। 20 मार्च 2024 को भैया जी फिल्म के टीजर को रिलीज किया जाएगा। भैया जी साल 2024 की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक फिल्म है। इस फिल्म में मनोज बाजपेयी भैया जी के किरदार में नजर आने वाले हैं। दर्शक अभी से जानने को बेताब हैं कि यह फिल्म किस दिन सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। तो आइए आपको बता देते हैं भैया जी 24 मई 2024 को आपके नजदीकी सिनेमा घरों में रिलीज होगी।





# स्कूप ने दिलाई अभिनय की दुनिया में नई पहचान

2001 में एक टीवी शो से अभिनय में कदम रखने वाली एक्ट्रेस करिश्मा तन्ना ने कहा कि 2023 में रिलीज हुई सीरीज स्कूप ने उन्हें अभिनय की दुनिया में नई पहचान दिलाई। एक्ट्रेस ने बताया कि इसके बाद ही लोगों ने उन्हें गंभीरता से लेना शुरू किया। लैक्मे फैशन वीक के दौरान एक्ट्रेस ने बताया, सीरीज स्कूप से पहले भी लोग मुझे इस इंडस्ट्री में जानते थे। मगर स्कूप ने मुझे अभिनय की दुनिया में नई पहचान दिलाई है। इसके बाद ही इंडस्ट्री ने मुझे गंभीरता से लेना शुरू किया। मेरे काम के बाद लोगों में मेरे प्रति बदलाव आया। एक्ट्रेस ने महत्वाकांक्षी डिजाइनरों के सपनों और जुनून को रैंप पर उतारा। यह पूछे जाने पर कि जब वह इंडस्ट्री में जगह बनाने की कोशिश कर रही थीं तो क्या उन्हें सपोर्ट मिला, करिश्मा ने कहा, नहीं, मुझे कोई सपोर्ट नहीं मिला। मैं इस इंडस्ट्री से नहीं आई थी। मेरा कोई कनेक्शन नहीं था। एक्ट्रेस आज जहां हैं उसके लिए वह अपनी किस्मत और अपनी मां को श्रेय देती हैं। करिश्मा ने आगे कहा, मेरे करियर में भाग्य ने बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके साथ ही मेरी कड़ी मेहनत, मेरे सपने और मेरे जुनून ने मेरे सपने सच किए। मैं एक बात को लेकर साफ थी कि मैं कुछ बनना चाहती हूं, जिससे मुझे अलग पहचान मिले। उन्होंने कहा, मैंने बस उस जुनून और अपने सपने को जीया और मैंने इसे भगवान और अपनी मां पर छोड़ दिया। मैंने कड़ी मेहनत की और सब कुछ वैसा ही हुआ, जैसा मैं चाहती थी।

# सोनू सूद ने साझा किया फतेह का पहला पोस्टर, इस दिन जारी होगा फिल्म का टीजर

सोनू सूद अपनी नेकी के साथ-साथ अपने दमदार अभिनय के बूते भी दर्शकों के दिलों पर राज करते हैं। सोनू सूद की आगामी फिल्म फतेह का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। आज अभिनेता ने अपनी इस फिल्म का पहला पोस्टर साझा किया है, जो धमाकेदार है। इसी के साथ फिल्म की टीजर रिलीज डेट का भी खुलासा किया गया है। आज जारी हुए फिल्म के पोस्टर को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि फतेह एक्शन से भरपूर होगी।

### सोनू सूद ने साझा किया पोस्ट

सोनू सूद एक बार फिर बड़े पर्दे पर दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए तैयार हैं। आज उन्होंने इंस्टाग्राम अकाउंट से फतेह का पहला पोस्टर साझा किया है। पोस्टर पर सोनू सूद का हाथ है। उन्होंने पेन पकड़ा हुआ है। हाथ में कड़ा है। और खून टपकचा नजर आ रहा है। साइबर क्राइम थ्रिलर में सोनू को एक अलग अवतार में दिखाया जाने वाला है। इसके साथ सोनू सूद ने कैप्शन लिखा है, कभी भी किसी को कम मत समझो! फतेह के साथ पावर-पैक एक्शन के लिए तैयार हो जाइए।

### सोनू के निर्देशन में पहली फिल्म

सोनू की इस आगामी फिल्म में जैकलीन फर्नांडीज अहम भूमिका में नजर आने वाली हैं। यह सोनू के निर्देशन में बनी पहली फिल्म है। शक्ति सागर प्रोडक्शंस और जी स्टूडियोज द्वारा निर्मित यह फिल्म साइबर अपराध की जटिलताओं और चुनौतियों के इर्द-गिर्द घूमती नजर आएगी। फिल्म में एक्शन का धमाल होगा। एक्शन सीन हॉलीवुड स्टंट स्पेशलिस्ट ली व्हिटेकर की देखरेख में किए गए हैं।



# अपराधों की समीक्षा करते हुये आगामी चुनावों मे शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु आवश्यक निर्देश दिये अनिल कुशवाह

**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी- आगामी लोकसभा चुनावों को लेकर पुलिस कन्ट्रोल रुम शिवपुरी मे पुलिस अधीक्षक शिवपुरी अमन सिंह राठौड़ द्वारा जिले के समस्त एसडीओपी एवं थाना प्रभारियों के साथ पुलिस कन्ट्रोल रुम शिवपुरी मे क्राइम मीटिंग ली पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को आगामी लोकसभा चुनावों मे शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु अधिक से अधिक प्रयास करने हेतु निर्देशित किया ।पुलिस अधीक्षक द्वारा क्राइम मीटिंग मे निम्न बिंदुओं पर चर्चा की गयी ।पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को आगामी चुनावों के मद्देनजर वाहन चैकिंग लगाना है एवं अवैधनिक नंबर प्लेट बाले वाहनों पर अधिक से अधिक कार्यवाही करेंगे ।समस्त थाना प्रभारी अपने थाना क्षेत्र मे ज्यादा से ज्यादा वारंटियों पर कार्यवाही करना सुनिश्चित करते हुये अधिक से अधिक स्थाई, फरारी एवं गिरफ्तारी



वारंट तामील कराऐंगे समस्त थाना प्रभारी गंभीर अपराधों मे तुरंत कार्यवाही करेंगे एवं आरोपियों की गिरफ्तारी जल्द से जल्द करेंगे आगामी चुनावों एवं त्योहारों के मद्देनजर क्षेत्र मे शांति व्यवस्था वनाये रखने हेतु एवं शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न करने के लिये 107,116 मे अधिक से अधिक वाउण्डओवर की कार्यवाही करना सुनिश्चित करेंगे ।जिले के बॉडर पर स्थित थाने जिले की सीमा पर चैकिंग पाइंट लगाकर पर्याप्त बल उपलब्ध कराऐंगे व अंतर्राज्यीय सीमा, दूसरे जिलों की सीमा पर स्थित थानों से मीटिंग करेंगे और आने बाले बाहनों को चैक करेंगे ।महिला संबंधी अपराधों को गंभीरता से लेते हुये तुरंत कार्यवाही करना सुनिश्चित करेंगे ।

संपत्ती संबंधी अपराधों मे अपराधियों की धरपकड़ करेंगे एवं चोरी गया माल मश्रुका को ज्यादा से ज्यादा बरामद करने की कार्यवाही करेंगे ।जिले मे नशा की सामाग्री स्मैक, अफीम, गांजा आदी बेचने बालों पर ह्ष्ठक्क की कार्यवाही करेंगे । क्षेत्र मे अवैध शराब, जुआ, सट्टा एवं अवैध गतिविधियों पर निरगरानी रखेंगे एवं ज्यादा से ज्यादा कार्यवाही करेंगे ।नाबालिक बालाक/बालिकाओं की गुमसुदगी/अपहरण के मामलों मे गुमसुदा बालाक/बालिकाओं की जल्द से जल्द दस्तयावी करेंगे ।

आगामी चुनावों एवं त्योहारों के मद्देनजर अपराधियों पर जिला बदर, एनएसए की कार्यवाही करेंगे ।

# पुलिस थाना कोतवाली एवं पिछोर द्वारा फरार एक-एक स्थाई वारंटियों को किया गिरफ्तार

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी-पुलिस अधीक्षक शिवपुरी अमन सिंह राठौड़ के द्वारा आगामी चुनावों एवं त्योहारों के मद्देनजर जिले मे शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिये समस्त थाना प्रबारियों को अपराधों मे फरार, स्थाई एवं गिरफ्तारी बारंटियों पर कार्यवाही करते हुये ज्यादा से ज्यादा बारंट तामील कराने हेतु निर्देशित किया गया है । पुलिस अधीक्षक के निर्देशों के पालन मे पुलिस थाना कोतवाली एवं पुलिस थाना पिछोर द्वारा एक-एक कुल दो स्थाई वारंटियों को गिरफ्तार कर कार्यवाही की है पुलिस अधीक्षक शिवपुरी के निर्देशन मे आगामी लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए स्थाई वारंट तामील कराये जाने हेतु एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है जो अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मूले एंव नगर



पुलिस अधीक्षक महोदय संजय चतुर्वेदी के मार्ग निर्देशन में स्थाई वारंटियों की धरपकड़ के क्रम में कोतवाली टीआई निरी. रोहित दुबे की टीम द्वारा आज दिनांक 18.03.24 को स्थाई वारंटिया रेशमा वानो पत्नि संजय खांन उम्र 22 साल नि0 विवेकानन्दपुरम कालोनी दुर्गेश यादव का मकान शिवपुरी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया । उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी थाना कोतवाली रोहित दुबे, उनि0 दीपक पलिया, प्र0आर0 गजेन्द्र परिहार, म0आर0 रश्मी भार्गव, आर0 भोला राजावत, आर0 अजीत राजावत की विशेष भूमिका रही ।इसी क्रम मे पुलिस थाना पिछोर द्वारा भी कार्यवाही करते हुये एक स्थाई वारंटी को गिरफ्तार कार कार्यवाही की है । थाना पिछोर पर मुखविर सूचना मिली की स्थाई वारंटी सतेंद्र परिहार पुत्र बल्देव उर्फ बलवीर परिहार उम्र 40 साल निवासी ग्राम थनरा का बस स्टैंड पिछोर पर है । उक्त सूचना पर से पुलिस द्वारा तुरंत कार्यवाही करते हुये उक्त वारंटी को बस स्टैंड पिछोर से गिरफ्तार किया है । उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी पिछोर रत्नेश यादव ,सउनि सतीश जयन्त,प्रधान आर दीप चंद, आर अरुण मेवाफरोश की सराहनीय भूमिका रही ।

# 24 कुंडीय राष्ट्र जागरण अभियान गायत्री महायज्ञ का भूमि पूजन संपन्न



**योगेश शर्मा राजोरिया**
**पुष्पांजलि टुडे**

÷ग्राम पीपल्या नजदीक कोटरा, ब्लॉक-चांचौडा में24कुंडीय राष्ट्रजागरण अभियान गायत्री महायज्ञ का भूमि पूजन सुरेश बाबू मीणा होल्याहेड़ी, ट्रस्टी वेद माता गायत्री परिवार ट्रस्ट कुंभराज, और जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि द्वारा भूमि पूजन और ध्वज स्थापित किया। शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में दिनांक 11 अप्रैल 2024 से 14 अप्रैल 2024 तक ग्राम पीपल्या नजदीक कोटरा,ब्लॉक- चांचौड़ा में 51 कुंडिया राष्ट जागरण अभियान गायत्री महायज्ञ का आयोजन रखा गया है। इस महायज्ञ में -कलश यात्रा-आदि शक्ति गायत्री पर प्रवचन-ध्यान साधनाऔर प्रज्ञायोग,-यज्ञ,नारियों जागो और अपनों को पहचानो पर प्रवचन,-संस्कार परंपरा,गायत्री महायज्ञ एवं विभिन्न संस्कार दीक्षा संस्कार, नामकरण पुंसवन, अन्नप्राशन, विद्यारंभ संस्कार आदि,-ध्यान साधना एवं प्रज्ञायोग और आओ गणे संस्कारवान पी्री एवं दीप महायज्ञ - विवाह संस्कार और अन्य का कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जे पी त्यागी गुना द्वारा 51 कुंडी गायत्री महायज्ञ के भूमि पूजन कार्यक्रम का शुभारंभ किया सुरेश बाबू मीणा द्वारा भूमि पूजन कार्य संपन्न कर ध्वज स्थापना की। कार्यक्रम में रूप में श्री सुरेश बाबू मीणा मुख्य अतिथि, गंगा विसन मीणा जनपद सदस्य-बरखेड़ाकलां,रामसेवक मीणा जनपद सदस्य-कैकड़ि्या कलां, विष्णु प्रसाद साहू प्रबंधक श्री गायत्री परिवार ट्रस्ट चांचौंडा, मनोज व्यास, रंगलाल मीणा परिव्राजक कुंभराज,अतिथि के रूप में शामिल हुए। राजेश शर्मा परिव्राजक चांचौड़ा और अरविंद कुमार पारीक,रामनारायण लोधा मेघराज लोधा,नारायण लाल लोधा बद्री लाल गणपत लोधा सहित ग्रामवासी और कई महिलाएं शामिल हुए।कार्यक्रम उपरांत बाबूलाल लोधा द्वारा द्वारा अतिथियों का आभारी व्यक्त किया और सभी ग्राम वासियों ने मिलजुल कर कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु शपथ ली।

# सक्रियता के कार्यवाही करते हुए अपहृता को 03 घण्टे के अंदर दस्तयाब किया

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी- पुलिस अधीक्षक अवोदय शिवपुरी अमन सिंह राठौड़ द्वारा जिले मे महिला संबंधी अपराधों एवं नाबालिक बालिक बालिकाओं की गुमसुदगी व अपहृण के मामलों मे तुरंत कार्यवाही करने एवं गुमसुदा नाबालिक बालक बालिकाओं की दस्तयावी करने हेतु निर्देशित किया गया है ।दिनांक 17.03.24 को थाना पिछोर क्षेत्रांतर्गत एक नाबालिग लड़की जो कक्षा 9वीं की परीक्षा देने पिछोर आई थी वह बिना बताये कहीं चली गई थी जिसकी तलाश उसके परिजनों ने कई जगह की परेशान होकर थाने पर आये जिस पर से पुलिस थाना पुछोर पर अपराध क्रमांक 136/24 धारा 363 भादवि का कायम कर विवेचना में लिया गया।घटना को गंभीरता से लेते हुये पुलिस अधीक्षक शिवपुरी द्वारा नाबालिक बालिक की जल्द से जल्द पतारसी कर दस्तयाब करने हेतु निर्देशित किया । उक्त निर्देशों के पालन मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री संजीव मुले एवं एसडीओपी पिछोर श्री प्रशांत शर्मा के मार्गदर्शन में पुलिस थाना पिछोर द्वारा सक्रीयता से त्वरित कार्यवाही करते हुए अपहृता की तलाश की गई एवं परिजनों की मदद से कई जगह फोन लगवाकर पतारसी की तो पता चला कि अपहृता अपने मामा के यहाँ चली गई है। बाद पुलिस व्दारा अपहृता को विधिवत दस्तयाब द पुलिस द्वारा अपहृता को विधिवत दस्तयाब किया गया व कथन लिये गये तो अपहर्ता व्दारा बताया कि मै अपने गाँव से परीक्षा देने पिछोर आयी थी और परीक्षा के बाद किसी को बिना बताये अपने मामा के यहाँ चली गई थी मेरे साथ कोई घटना घटित नही हुई है। थाना पिछोर पुलिस व्दारा तत्परता से कार्यवाही करते हुए अपहृता को 03 घण्टे के अन्दर दस्तयाब किया गया है।

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक रत्नेश सिंह यादव, सहायक उप निरीक्षक कमल सिहं बंजारा, आर. 957 देशराज गुर्जर की सराहनीय भूमिका रही

# लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाता जागरूकता अभियान के तहत स्वीप अभियान की हुई शुरुआत

## पोलो ग्राउंड मैदान में दिलाई गई मतदान की शपथ

## मतदाता जागरूकता अभियान के ब्रांड एंबेसडर सहित अन्य अधिकारियों ने लिया भाग



**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी- शिवपुरी जिले में लोकसभा चुनाव को लेकर अधिक से अधिक मतदान हो इसको लेकर जिला प्रशासन के द्वारा स्वीप अभियान के अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम की शुरुआत कर दी गई है। इसी क्रम में स्थानीय पोलो ग्राउंड मैदान पर सोमवार को स्वीप अभियान की गतिविधियों के तहत मतदाताओं को मतदान की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर जिला पंचायत के सीईओ और मतदाता जागरूकता अभियान के नोडल अधिकारी उमराव सिंह मरावी, अपर कलेक्टर दिनेश चंद शुक्ला, उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य विवेक श्रीवास्तव, ब्रांड एंबेसडर मुस्कान शेख, मयंक अग्रवाल, कृष्णा रावत सहित सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और गणमान्य नागरिक सहित शासकीय कर्मचारी मौजूद रहे।इस मौके पर लोगों को बताया गया कि वह अपने क्षेत्र में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करें जिससे आने वाले लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान हो और लोकतंत्र के पर्व में लोग अपनी भागीदारी निभा सकें। इस मौके पर अपर कलेक्टर दिनेश चंद्र शुक्ला ने लोगों से अपील की मतदान वाले दिन घरों से निकले और वोट जरूर डालें। उन्होंने खासकर महिलाओं से अपील करते हुए कहा कि महिलाओं का वोटिंग परसेंटेज इस बार बढना चाहिए। जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी ने कहा कि आप सभी लोग अपने आसपास के लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करें जिससे मतदान का प्रतिशत जिले में पूर्व के मतदान से 10 प्रतिशत से इस बार ज्यादा बढ़े।

# एसडीओपी पिछोर प्रशांत शर्मा ने वाहन चलाने वाले नाबालिग छात्रों को दी समझाइस ।



**राकेश परिहार पिछोर**
**9691338626**

पिछोर, पिछोर एसडीओपी प्रशांत शर्मा द्वारा शिवपुरी से पिछोर लौट रहेत थे तभी शिवपुरी पिछोर मार्ग पर स्थित मनपुरा ग्राम पंचायत के पास स्कूल से परीक्षा देकर लौट रहे दो-तीन नाबालिक छात्र बाइक चलाते हुए दिखाई दिए मौके पर एसडीओपी प्रशांत शर्मा ने गाड़ी रोककर छात्रों से गाड़ी के कागजात तथा उनकी आयु आदि की जानकारी ली तो पता चला कि उनके पास ड्राइविंग लाइसेंस नहीं है क्योंकि वह नाबालिक है ऐसी स्थिति में एसडीओपी शर्मा ने उनके परिजनों को फोन कर बुलाया और छात्रों को समझाइस देकर छोड़ दिया लेकिन परिजनों पर चालानी कार्रवाई कर दी ,उन्होंने मौके पर इकठ्ठा लोगों और परिजनों को समझाइश दी कि ड्राइविंग लाइसेंस की पात्रता की उम्र होने तक तथा लाइसेंस बनने तक बच्चों को गाड़ियां चलाने के लिए ना दें ,ऐसी स्थिति में दुर्घटना भी हो सकती है जिससे परिजनों और आम जनता को भी परेशानी हो सकती है ।


# शिवपुरी पुलिस को मिली बड़ी सफलता। बस कंडक्टर से शराब पीने के लिए रुपए मांगने व नहीं देने पर मारपीट करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार कर जेल भेजे।



**राकेश परिहार पिछोर**
**9691338626**

करेरा ,पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवपुरी संजीव मुले व एसडीओपी करैरा शिवनारायण मुकाती के मार्गदर्शन में असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सघन अभियान चलाया जा रहा है इसी अभियान के अंतर्गत थाना प्रभारी करैरा निरीक्षक सुरेश शर्मा के नेतृत्व में पुलिस थाना करैरा की टीम ने बस कंडक्टर से शराब पीने के लिए रुपए मांगने व नहीं देने पर मारपीट कर चोंट पहुंचाने वाले दो आरोपी करैरा कस्बा से गिरफ्तार किये। दिनांक 11/2 /24 को फरियादी राकेश योगी बस कंडक्टर सोनू बस सर्विस ने थाना करैरा में रिपोर्ट की थी कि वह बस ग्वालियर से करैरा लेकर आया तो बस स्टैंड पर नरेंद्र गुर्जर निवासी ग्राम जेरवा व इरशाद खान निवासी कच्ची गली करैरा ने शराब पीने के लिए रुपए मांगे नहीं देने पर मारपीट कर चोंटे पहुंचाई व जान से मारने की धमकी दी। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना करैरा में अपराध क्रमांक 111/24 धारा 327,294 ,323 ,506 34 आईपीसी का दर्ज किया गया इस प्रकरण में आरोपी नरेंद्र गुर्जर व इरशाद खान को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया जिन्हें न्यायालय द्वारा जेल भेजा ।आरोपी नरेंद्र गुर्जर आदतन अपराधी है जिसके विरुद्ध पूर्व में भी अवैध वसूली मारपीट के अपराध थाना करैरा में दर्ज हैं । थाना करैरा की टीम में उप निरीक्षक सउनि शैलेन्द्र सिंह चौहान, संजय भगत ,प्रधान आरक्षक राजेंद्र यादव ,आरक्षक चंद्रशेखर मीणा ,सोनू श्रीवास्तव ,ओमप्रकाश रावत ,आलोक जैन व नगर रक्षा समिति सदस्य मनमोहन सिंह तोमर की मुख्य भूमिका रही।

# थाना करैरा पुलिस द्वारा 08 वर्षो से फरार चल रहे स्थाई वारंटी को किया गिरफ्तार ।



**राकेश परिहार पिछोर**
**9691338626**

करेरा,श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री अमन सिह राठौड जी के द्वारा जिले मे अवैध मादक पदार्थ जुआ सट्टा, अवैध हथियार, अवैध खनन परिवहन, अवैध शराव एवं वारंटियो की धरपकड अभियान के तहत जीरो टालरेन्स अपनाने के निर्देश दिये गये उक्त निर्देश के पालन मे श्रीमान अति0 पुलिस अधीक्षक श्री संजीव मुले जी के निर्देशन एवं श्रीमान एस.डी.ओ.पी. महोदय श्री शिवनारायण मुकाती के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी महोदय निरी श्री सुरेश शर्मा के नेतृत्व मे आज दिनांक 18.03.24 को सुवह थाना करैरा पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि थाना करैरा का स्थाई वारंटी सगुन सिंह पुत्र भैरौलाल लोधी उम्र 30 बर्ष नि. ग्राम चिरली का अपने घर पर है। मुखबिर की सूचना पर ग्राम चिरली मे स्थाई वारंटी के घर पर दविश दी तो वारंटी सगुन सिंह पुत्र भैरौलाल लोधी उम्र 30 बर्ष नि. ग्राम चिरली का उपस्थित मिला जिसे माननीय जे. एम. एफ. सी. महोदय के प्रकरण क्रं.1526/16 मे स्थाई गिरफ्तारी वारंटी होने से विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय करैरा पेश किया गया । वारंटी 08 बर्षो से फरार चल रहा था जिसे माननीय न्यायालय करैरा पेश कर उप जेल करैरा दाखिल किया गया ।

**इनकी रही भूमिकाः** थाना प्रभारी करैरा निरी0 श्री सुरेश शर्मा, उनि केपी शर्मा , आऱ 617 ओमप्रकाश रावत, आऱ 822 जितेन्द्र, आर 555 हिम्मत सिह ,सैनिक 238 सुघर सिंह ।

# थाना रन्नौद पुलिस द्वारा आरोपी को उसके घर के पीछे बाडे मे खडे अवैध मादक पदार्थ गाँजे के पौधे कुल नग 303 वजनी 8.4 किग्रा. कीमती 52,500 रूपये को जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया ।



**राकेश परिहार पिछोर**
**9691338626**

शिवपूरी,पुलिस अधीक्षक जिला शिवपुरी श्री अमन सिंह राठौड के द्वारा अवैध मादक पदार्थो के खिलाफ कार्यवाही करने हेतु समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है । अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री संजीव मुले एवं एस.डी.ओ.पी. कोलारस श्री विजय कुमार यादव के मार्गदर्शन में चलाये जा रहे नशा मुक्ति अभियान के तहत आज दिनाँक 18.03.2024 को मुखविर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम इचौनिया के देवीसिंह तोमर ने अपने घर के पीछे बाडे में अवैध मादक पदार्थ गांजे के पेड लगा रखे हैं जिसे शीघ्र दबिश देकर मय अवैध मादक पदार्थ के पकडा जा सकता है । मुखविर सूचना पर वैधानिक कार्यवाही करते हुये मय फोर्स के दबिश दी गई तो आरोपी देवीसिंह पुत्र दौलत सिंह तोमर उम्र 40 साल निवासी ग्राम इचौनिया के घर के पीछे बाडे में से आरोपी के कब्जे से अवैध मादक पदार्थ गाँजे के छोटे बडे हरे पौधे कुल नग 303 पौधे वजनी 8.4 किग्रा कीमती 52,500 रूपये के जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है । उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी रन्नौद उनि अरविन्द सिंह चौहान , सउनि ब्रजमोहन सैलर , प्रआर 269 ऊधम सिंह भिलाला , आर. 930 मंजीत मलिक , आर. 191 वकील गुर्जर , आर. 524 गौरीश ओझा , आर. 716 दीपक तोमर की सराहनीय भूमिका रही है ।

# आदर्श आचार संहिता का पालन कराते हुये शिवपुरी पुलिस द्वारा विधि विरुद्ध लगे हूटर, नंबर प्लेट, काली फिल्म कुल 36 वाहनो पर की कार्यवाही ।




राकेश परिहार पिछोर
9691338626

शिवपुरी,पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री अमन सिंह राठौड़ द्वारा आगामी लोकसभा चुनावों के मद्देनजर आचार संहिता लागू होते ही सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र मे वाहन चैकिंग लगाकर वाहनों के हूटर, काली फिल्म, काली नंबर प्लेट आदि को हटवाने हेतु एवं मोटर यान अधिनियम के तहत कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिये हैं । उक्त निर्देशों के पालन मे जिले के समस्त थाना प्रभारियों के द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र मे वाहन चैकिंग लगाई गयी । पुलिस अधीक्षक के निर्देशो के पालन मे जिले की पुलिस पूरी तरह से स?कों पर उतरी व अवैधानिक वाहनों पर कार्यवाही की है ।

पुलिस अधीक्षक शिवपुरी के निर्देशन मे आज दिनांक 18.03.2024 को सभी थानों ने अपने-अपने क्षेत्र मे व ट्रैफिक पुलिस ने शहर के मुख्य चौराहों एवं मुख्य मार्गों पर वाहन चेकिंग अभियान चलाकर बिना नंबर/नियमानुशार नंबर प्लेट नहीं होने बाले 22 वाहन चालकों, अवैधानिक रुप से हूटर करने बाले 03 वाहन चालक पर, काली फिल्म लागाने बाले 11 वाहनों पर चालकों पर कार्यवाही की है किया है ।पुलिस अधीक्षक शिवपुरी के निर्देशन मे आचार संहिता के दौरान निरंतर इसी प्रकार कार्यवाही जारी रहेगी

# संभागायुक्त ने की निर्वाचन की तैयारियों की समीक्षा,आयोग के निर्देशानुसार कार्य करने के निर्देश दिए



**राकेश परिहार पिछोर**
**9691338626**

शिवपुरी, संभागायुक्त डॉ सुदाम खाड़े ने शिवपुरी में लोकसभा निर्वाचन की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों से जानकारी ली और निर्देश दिए। सभी आयोग के निर्देशानुसार काम करें। बैठक में कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि लोकसभा क्षेत्र में 18 लाख 86 हजार 809 मतदाता हैं। शिवपुरी में 12 लाख 99 हजार 420 मतदाता हैं। जिसमें 685114 पुरुष और 6 लाख 14278 महिलाएं और 28 अन्य मतदाता हैं। शिवपुरी में कुल 1488 मतदान केंद्र हैं। 19 चेकपोस्ट बनाए गए हैं। 167 सेक्टर अधिकारी बनाए गए हैं। एसएसटी, एफएसटी टीम गठित की गई हैं। एकीकृत कंट्रोल रूम नवीन तहसील कार्यालय में बनाया गया है।संभाग आयुक्त डॉ सुदाम खाड़े ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि बेहतर व्यवस्थाओं के साथ चुनाव संपन्न कराना है। सभी नोडल




अधिकारी उन्हें सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन बेहतर ढंग से करें। कानून व्यवस्था बनी रहे।बैठक में पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़, जिला पंचायत सीईओ उमराव मरावी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी दिनेश शुक्ला, समस्त एसडीएम एवं अन्य नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।

पीजी कॉलेज का किया निरीक्षण- शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय शिवपुरी में सामग्री वितरण स्थल रहेगा। जहां से मतदान दलों को सामग्री वितरण की जाएगी और स्ट्रॉन्ग रूम रहेगा। मतगणना भी संपन्न होगी। संभागायुक्त ने सामग्री वितरण स्थल का जायजा भी लिया।

# थाना प्रभारी दबोह ने अवैध रेत पर कार्यवाही कर पकड़ा डम्फर

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**


दबोह। भिण्ड पुलिस अधीक्षक महोदय श्री असित यादव एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री संजीव पाठक के निर्देशन में अवैध रेत वाहनों पर कार्यवाही करने हेतु समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं समस्त थाना प्रभारियों को कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था।इसी तारतम्य में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस लहार के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी दबोह निरी.राजेश शर्मा एवं उनकी टीम द्वारा थाना क्षेत्र में चल रही अवैध रेत को पकडने हेतु जरिए मुखविर सूचना मिली की एक डम्फर चालक अपने नीले रंग का डम्फर क्रमांक क्क93क्च्च5887 में अबैध रेत चोरी से भरकर धौरका नाका तरफ से समथर




मोड दबोह होकर रतनपुरा तरफ जा रहा है कि सूचना की तस्दीक हेतु हमराह फोर्स को साथ मे लेकर समथर मोड दबोह पर पहुँचा तो एक नीले रंग का डम्फर क्रमांक UP~xBT5887 मे रेत से भरा हुआ आया।जिसे रोककर डम्फर चालक से नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम कोकसिंह पुत्र लोटन प्रसाद जाटव उम्र 50 वर्ष निवासी वार्ड नं. 07 दबोह का होना बताया,डम्फर मे भरी रेत के संबंध मे बैध रोयल्टी एवं वाहन के प्रपत्र मागे गये जो उक्त डम्फर चालक द्वारा नही होना बताया एवं अवैध रेत चोरी से भरकर अपने डम्फर मे बेचने हेतु रतनपुरा तरफ ले जाने बताया आरोपी का कृत्य धारा 379,414 भादवि का एवं गौड खनिज अधिनियम की धारा 53 (1) का दण्डनीय पाये जाने से डम्फर क्रमांक क्क93क्च्च5887 को रेत से भरे को विधिवत दिनांक 17.03.24 को जप्त किया गया एवं अपराध कायम कर विवेचना में लिया।

**इनकी रही सराहनीय भूमिका**-उक्त उल्लेखनीय कार्य में थाना प्रभारी दबोह निरी.राजेश शर्मा,उनि.भानसिंह सिसोदिया,सउनि.राजकिशोर तिवारी,आर.477 अजय रजक,आर. 260 सोनू तोमर,आर.427रजत सिंह,आर.37 रमाकांत राठौर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# मीट दुकानदारों से बोले टीआई खुले में बेचते पाए गए तो कर दूंगा सील





**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

दबोह। थाना दबोह के नवागत थाना प्रभारी राजेश शर्मा रविवार को स्टाफ के साथ पैदल नगर भ्रमण पर निकले।जिस दौरान उन्होंने नगर का भ्रमण किया।वहीं इस दौरान उन्होंने मीट दुकानदारों को समझाइश देते हुए कहा कि शासन की तरफ से मीट बिक्री करने के लिए नियम बनाये गए हैं इसलिए नियमो के तहत बिक्री करें,आगे उन्होंने कहा कि अगर खुले मर मीट बेचते पाए गए तो अबकी बार दुकान सील कर दूंगा।इसी क्रम में उन्होंने नगर में ठेला चालको को भी ठेला अपने सही स्थान पर लगाने की बात कही।उन्होंने बताया कि रोजाना सड़क पर ठेलो को बजह से जाम लग जाता है जिसकी वजह से यातायात अवरुद्ध हो जाता है।फिलहाल तो नवागत थाना प्रभारी महोदय ने लोगो को समझाइश दी है अब देखना यह है कि आखिर कितनी जल्दी नियमो का पालन हो पाता है।

# तालेश्वर समिति ने नव नियुक्त मंडल अध्यक्ष का माल्यार्पण कर किया भव्य स्वागत

### मंडल अध्यक्ष भाजपा सुभाष अग्निहोत्री ने सभी को किया धन्यवाद ज्ञापित

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

लहार। गत दिवस माननीय लहार बिधायक अम्बरीष शर्मा गुड्डु भैया के आसीर्बाद से लहार मंडल अध्यक्ष बने सुभास अग्निहोत्री का तालेश्वर समिति द्वारा भव्य स्वागत किया गया।तालेश्वर समिति के सदस्य ह्रदेश गोस्वामी पार्षद जी द्वारा तिलक



लगाकर एवम मालयार्पण किया।तदोपरान्त रवि पाराशर,दिलीप महाते,सुशील दूरवार,बंटू शर्मा एवम सभी समिति सदस्यों द्वारा भव्य स्वागत किया गया।उसके बाद समाज सेवियों द्वारा माल्यार्पण कर नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष का स्वागत किया।इस मौके पर मंडल अध्यक्ष भाजपा सुभाष अग्निहोत्री जी ने कहा कि ये हमारे लिए अविस्मरणीय पल है जब हमारे अग्रज हमारा स्वागत कर रहे है हम सभी को प्रणाम करते है और सभी को धन्यवाद ज्ञापित करते है

### धूमधाम से मना लहार बिधायक का अवतरण दिवस

# बृद्धा आश्रम एवम सिविल अस्पताल एवम अनाथालय में मंडल अध्यक्ष भाजपा सहित समाज सेवियों ने बाटें फल

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

लहार। लहार क्षेत्र के लोकप्रिय युवा भाजपा बिधायक अम्बरीष शर्मा गुड्डु भैया का जन्मदिन सोमवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने सेवा व समर्पण दिवस के रूप में मनाया।मंडल अध्यक्ष भाजपा सुभाष अग्निहोत्री सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने एवम समाज सेवियों ने बड़े ही धूमधाम से सर्वप्रथम समाज सेवी सिविल अस्पताल में पहुँचे और मरीजों को फल वितरित किये।इसके बाद बृद्धा आश्रम में में फल वितरण किया गया और नगर के बिजलीघर पर स्थित अनाथालय में बच्चों के साथ बैठक उन्हें फल खिलाये।ये देखकर बर्द्धजनों,मरीजों एवम बच्चों ने बिधायक जी को ढेर सारा आसीर्बाद प्रदान किया एवम उनके उज्वल भविष्य की कामना की।इस मौके पर बृद्धजनो ने कहा कि हम धन्य हुए जो लहार में अम्बरीष शर्मा गुड्डु भैया जैसे लोग बिधायक बन गए और आप लोगों से हमारी मुलाकात हुई मानव सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है और इससे बड़कर कोई पुण्य नही होगी।आगे उन्होंने कहा कि लहार बिधायक बड़े ही पुण्यात्मा है जिनके प्रति लोगो का इतना प्रेम है।इस मौके पर मंडल अध्यक्ष भाजपा सुभाष अग्निहोत्री जी ने कहा कि आज हमने अपने यशस्वी लाडले बिधायक के



जन्मदिन के अबसर पर बुजुर्गों का सम्मान करके जो मेरे मन को तस्सली हुई वह आज तक जीवन मे कभी नही हुई इस मौके पर सभी समाजसेवियों ने आज बृद्धजनो का सम्मान किया।

**तालेस्वर सरकार पर भोलेनाथ का हुआ रुद्राभिषेक बिधायक के उज्ज्वल भविष्य के लिए मांगा आसीर्बाद**-लहार के लाड़ले बिधायक अम्बरीष शर्मा गुड्डु भैया के जन्मदिन के अबसर पर तालेश्वर समिति द्वारा बैदिक मंत्रोच्चारण के द्वारा भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक एवम महाआरती की गई एवम प्रसाद वितरण किया गया उसके बाद भगवान भोलेनाथ को मुकुट अर्पित किया गया।इसमे मुख्य यजमान सुभाष अग्निहोत्री द्वारा शनिदेव ओर हनुमानजी सरकार का पूजन कर बिधायक की दीर्घायु के लिए आसीर्बाद मांगा।

**ये रहे मोके पर मौजूद**-लहार बिधायक अम्बरीष शर्मा गुड्डु भैया के जन्मदिन के अबसर पर फल वितरण कार्यक्रम में महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष नीलम शर्मा,बाबू टैगोर,संजीव चौधरी ठेकेदार,बलिकराम भंडा,केदार सिंह,कोमल चौधरी,रामबहादुर सिंह कैप्टन सहाब,मुन्ना शुक्ला,कमलेश दीक्षित,संजू राणा,विनय झा,संजय मंडया,अम्बु सिंह,अनिरुद्ध सिंह,गिरिजाशंकर बघेल,विक्की तिवारी,दिलीप महाते,रवि पाराशर,कमलेश दीक्षित,सन्तोष तिवारी,योगेंद्र बघेल,अरफाज खान,रामकुमार राठौर,संजय चौहान,राहुल पाण्डेय,गोपाल तिवारी,संजीव चौधरी पत्रकार,धर्मप्रकाश गौण,गुड्डु दीक्षित,मनोज दूरवार,रामस्नेही गुप्ता,कल्लू पाराशर, अरविन्द्र पुरोहित,प्रधान वर्मा,पप्पू नेता,अनुज उपाध्याय,रविन्द्र पाराशर,चंचल तिवारी,सुदर्शन तिवारी,देवेंद्र कुशवाह,दलवीर बघेल,तन्मय पाराशर आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे ।

# श्री विश्वकर्मा गौड विकास आदर्श विवाह समिति द्वारा ग्वालियर में 23वा.सम्मेलन आयोजित होने जा रहा है ,,20 अप्रैल 2024







**महेंद्र शर्मा उप संपादक पुष्पांजलि टुडे**

श्री विश्वकर्मा गौड़ समाज विकास समिति ग्वालियर रयटापुरा नं.2 की बैठक हुई मुरार वीरेंद्र कुमार विश्वकर्मा जी के निज निवास पर उसमें वरिष्ठ समाजसेवी एवं पूर्व पदअधिकारियों द्वारा समस्त ग्वालियर समाज ने अध्यक्ष का चुनाव किया गया और यह निर्णय लिया गया कि आगामी 20 अप्रैल2024 को गौड समाज का 23 वां आदर्श विवाह सम्मेलन मेला ग्राउंड में आयोजित किया जायेगा जिसके लिये नवीन कार्यकारणी गठित की गई

**संरक्षक-श्री शिरोमणि सिंह गौड़, अध्यक्ष**-श्री मोनू गौड़ (खड उआ बाले),,उपाध्यक्ष~ श्री राजेंद्र प्रसाद गौड़,,श्री कमलेशगौड,,लखनलाल गौड़(बडोरी बाले),,दुर्गा चरण गौड(मौ वाले),,लक्ष्मण सिंह गौड(इंदरगढ़) सचिव~श्री वीरेंद्र कुमार गौड(मुरार) महा- सचिव-सह- सचिव ~त्रिलोकी नाथ गौड़,,राम प्रताप पांचाल,,बाबूलाल गौड़ कोषाध्यक्ष- प्रेम नारायण गौड,सह -कोषाध्यक्ष-कार्यकारिणी अध्यक्ष-समिति प्रवक्ता

भडार प्रबंधक-जानकी शरण गौड़,स्वागत मत्री~ करण सिंह गौड, व्यवस्था मत्री~ राम लखन गौड़

**मीडिया प्रभारी**-प्रचार मंत्री~ कल्लू राम गौड

**संगठन मंत्री~** राहुल गौड

**परामर्श दाता~** पन्नालाल गौड़,,जगदीश प्रसाद गौड़

**आय-व्यय निरीक्षक~** लखन लाल गौड़,,श्याम लाल गौड़

**मंच संचालन**-सभी नवीन पदाधिकारिओं का एम वरिष्ठ समाज सेवी का मालयअर्पण कर 23 वे विवाह सम्मेलन के लिये बधाई दी

### केंद्र की नीतियों से त्रस्त है व्यापारी वर्ग-सिद्धार्थ बोहराप्त

# कर्नाटक अल्पसंख्यक कांग्रेस द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन

**दैनिक पुष्पाजंली टुडे**

**बेंगलूरू>** व्यापारी वर्ग किसी भी देश की अर्थ व्यवस्था का आधार स्तंभ होता है और ऐसे आधार स्तंभ के प्रति नरम रूख व समायोजन के भाव से आर्थिक व व्यवसायिक उनत्ती का मार्ग प्रशस्त होता है, परंतु केंद्र सरकार द्वारा पिछले कुछ वर्षो से इस वर्ग पर कानून के नाम पर जुल्म ढाये जा रहे है। व्यापारी वर्ग के प्रति केंद्र सरकार की नीतिया आज सहयोगात्मक न होकर परेशान करने वाली है और इन्ही नीतियों के कारण हिंदुस्तान का व्यापारी वर्ग त्रस्त है। यह बात कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस समिति अल्पसंख्यक विभाग द्वारा आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रदेश उपाध्यक्ष सिद्धार्थ बोहरा ने कही। उन्होंने कहा कि सरकार का




सहयोग करने का रवैया सिर्फ बड़े व्यापारिक घरानों के साथ है जिसके कारण मध्यम व निम्न मध्यम व्यापारियों के व्यापार आज बंद होने की परिस्थिति में है। साथ ही उन्होंने कहा कि व्यापारियों के चेहरे पर पुनः पहले वाली मुस्कान लाना है तो केंद्र में एक बार फिर से कांग्रेस की सरकार लाना जरूरी है। इस अवसर पर प्रेस कॉन्फ्रेंस में उपस्थित वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुद्दबीर अहमद व इरशाद अहमद ने कहा कि कांग्रेस पार्टी अल्पसंख्यक वर्ग में समाहित मुस्लिम, जैन, सिक्ख, क्रिश्चियन, पारसी व बुद्ध के विकास व उद्धार के लिये प्रतिबद्ध है, और विशेषकर कर्नाटक में बसे उत्तर भारतीय समुदाय के प्रति कांग्रेस की सोच हमेशा सहयोग की रही है। उन्होंने उत्तर भारतीय समुदाय से आने वाले लोकसभा चुनावों में भारी मतो से कांग्रेस प्रत्याशियों को जिताने का अनुरोध किया। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष चरणजीत सिंह चण्डोक, ग्रेसी लोबो, नासिर पाशा, अब्दुल अलीम इत्यादि भी मौजूद थे।

# पेट्रोल डीजल का रिजर्व स्टॉक रखने के निर्देश

**खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

लोकसभा चुनाव-2024 के संचालन एवं जिले में कानून व्यवस्था बनाएं रखने के लिए वाहनों की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कर्मवीर शर्मा ने जिले के समस्त पेट्रोल पंप संचालकों को पेट्रोल एवं डीजल का रिजर्व स्टॉक रखने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में दिये गए आदेश में कहा गया है कि जिले के समस्त पेट्रोल पंप पर 1500 लीटर पेट्रोल एवं 3000 हजार लीटर डीजल रिजर्व स्टॉक में डेड स्टॉक के अतिरिक्त रखा जाए। रिजर्व स्टॉक की मात्रा में से संबंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, जिला आपूर्ति अधिकारी, संबंधित तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं संबंधित क्षेत्र के सहायक व कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी की अनुमति से ही पेट्रोल डीजल प्रदाय किया जा सकेगा। इस आदेश का उल्लंघन करने पर आवश्यक वस्तु अधिनियम के अंतर्गत वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

# कलेक्टर एवं एस.पी. ने किया स्ट्रोंग रूम का निरीक्षण

**खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा, पुलिस अधीक्षक श्री धर्मराज मीणा एवं जिला पंचायत सीईओ श्री आकाश सिंह ने प्रशासन एवं पुलिस अधिकारियों के साथ पीजी कालेज में लोकसभा चुनाव-2024 के लिए बनाये जा रहे स्ट्रॉग रूम और काउंटिंग हॉल का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं को देखा। इस दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती रेखा राठौड़ एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जे. एस. बघेल भी उपस्थित थे। पीजी कालेज खरगोन के स्ट्रोंग रूम से मतदान दलों को मतदान सामग्री का वितरण किया जायेगा। मतगणना भी पीजी



कालेज खरगोन में ही कराई जायेगी। पीजी कालेज खरगोन से लोकसभा क्षेत्र क्रमांक-27 के अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्र महेश्वर, कसरावद, खरगोन एवं भगवानपुरा तथा लोकसभा क्षेत्र क्रमांक-28 के अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्र भीकनगांव एवं बडवाह के मतदान दलों को मतदान सामग्री का वितरण किया जायेगा। लोकसभा चुनाव के दौरान मतदाताओं द्वारा जिले के सभी 06 विधानसभा क्षेत्रों में डाले गये मतों की गणना पीजी कालेज खरगोन में ही की जायेगी। मतगणना के लिए विधानसभा क्षेत्रवार अलग-अलग कक्ष बनाये जायेंगें।

# पारंपरिक वेशभूषा में घूमर नृत्य से सजा स्नेह मिलन



**पुष्पाजंली टुडे**

बेंगलूरू~ भैषाणा प्रवासी गांव का स्नेह मिलन समारोह दिनांक 17 मार्च रविवार को तुमकूर रोड स्थित रेजिडेंन्सी रिसॉर्ट में मनाया गया। कार्यक्रम में शहर के साथ ही राज्य के अनेक प्रमुख शहरों से प्रवासी भैसाणा ग्रामवासी सपरिवार शामिल हुए। मां अम्बे की पूजा- अर्चना, मंगल आरती की गई। हरीराम सीरवी ने स्वागत किया। दिन भर चले स्नेह-मिलन समारोह में जहां गांव के बड़े-बुजुर्ग भी सामाजिक मुद्दों पर चर्चा करने में व्यस्त रहे। ढ़ोल के मधुर स्वर पर महिलाओं ने नृत्य से मनोरंजन किया। इस कार्यक्रम में विभिन्न गेर मंडलों ने भाग लिया। रंग बिरंगी छतरिया एवं कलर पेपर से सुसज्जित डांडिया के साथ गैर नृत्य किया। बोहराराम सीरवी ने आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया।भुण्डाराम देवासी ने बच्चों को गिफ्ट उपहार वितरण किया। कार्यक्रम स्थल पर भोजन प्रसादी की व्यवस्था की गई। जिसका भैसाणा गांव के सहपरिवारों ने लाभ लिया। इस अवसर पर पूनाराम सीरवी, बोहराराम सीरवी, भाकरराम देवासी,गजेंद्र सिंह जेतावत, प्रकाश प्रजापत, मानाराम सीरवी, नारायणलाल सीरवी, अनील सैन, हरीराम सीरवी, भीखसिंह राजपुरोहित सहित भैषाणा गांव के बड़ी संख्या में अनेक ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# अपराधिक गतिविधियों में लिप्त लोगों पर जिला बदर की कार्यवाही करने के निर्देश



**खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कर्मवीर शर्मा ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जिले के सभी एसडीएम, एसडीओपी, तहसीलदार की बैठक लेकर उन्हें लोकसभा चुनाव-2024 के दौरान आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री धर्मराज मीणा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आकाश सिंह, अपर कलेक्टर श्रीमती रेखा राठौर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जेएस बघेल एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।बैठक में सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि आचार संहिता प्रभावी होने के बाद निर्धारित समयावधि में शासकीय, सार्वजनिक एवं बिना अनुमति के निजी सम्पत्ति पर किये गए विरूपण को सख्ती से हटाने की कार्यवाही की जाए। चुनाव के दौरान कोई भी व्यक्ति कानून व्यवस्था एवं शांति भंग न कर सके इसके लिए अपराधिक गतिविधियों में लिप्त लोगों के विरूद्ध जिला बदर की कार्यवाही प्रस्तावित करें। इसके साथ ही धारा-107, 116 के तहत बांड ओवर की कार्यवाही भी की जाए। जिले के सभी शस्त्र लायसेंस निलंबित कर दिए गए हैं। अतः लायसेंस धारकों के शस्त्र शीघ्र थानों में जमा कराएं। धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम में चुनाव प्रचार न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों की वीडिया ग्राफी की जाए और उसमें चुनाव प्रचार पाये जाने पर आचार संहिता का उल्लंघन का प्रकरण दर्ज किया जाए।

# पराली जलाने पर प्रतिबंध, NGT के निर्देशों के तहत आदेश जारी, उल्लंघन पर देना होगा मुआवजा

ग्वालियर कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान ने धारा-144 के तहत जिले में फसलों के अवशेष यानि पराली जलाने पर पूर्णतः प्रतिबंध लगा दिया है , जिला दण्डाधिकारी श्रीमती चौहान ने धारा-144 के तहत ये आदेश जारी जारी किया है। आदेश के तहत जिले में फसलों के अवशेष मसलन गेहूँ की नरवाई इत्यादि जलाने पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया गया है।हार्वेस्टर मशीन संचालकों को स्ट्रारीपर (भूसा बनाने की मशीन) लगाकर कटाई करनी होगीकोई भी किसान फसल कटने के बाद अपने खेत पर फसल के अवशेष नहीं जला सकेगा। आदेश में कहा गया है कि हार्वेस्टर मशीन संचालकों को हार्वेस्टर के साथ अनिवार्य रूप से स्ट्रारीपर (भूसा बनाने की मशीन) लगाकर कटाई करनी होगी। यदि कोई किसान बिना स्ट्रारीपर के फसल काटने के लिये दबाब डालता है तो उसकी सूचना संबंधित पुलिस थाने, ग्राम पंचायत सचिव या ग्राम पंचायत निगरानी अधिकारी को देना होगी।हत्तञ्ज के निर्देशों के तहत निर्देश जारी, उल्लंघन पर होगी धारा 188 के तहत कार्रवाई कलेक्टर



एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती चौहान ने फसल के अवशेष जलाने से फैलने वाले प्रदूषण पर अंकुश, अग्नि दुर्घटनाएँ रोकने एवं जान-माल की रक्षा के उद्देश्य से नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के दिशा-निर्देशों के तहत यह आदेश जारी किया है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि आदेश का उल्लंघन पर भारतीय दण्ड विधान की धारा-188 के तहत कार्रवाई होगी।

**आदेश के उल्लंघन पर देना होगा पर्यावरण मुआवजा** - आदेश में कहा गया है कि किसी ने अवशेष (पराली ) जलाये तो उसे पर्यावरण मुआवजा भी भरना होगा। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि दो एक? से कम भूमि धारक को 2500 रुपये प्रति घटना, दो एक? से अधिक व पाँच एक? से कम भूमि धारक को पाँच हजार रुपये प्रति घटना एवं पाँच एक? से अधिक भूमि धारक को 15 हजार रुपये प्रति घटना पर्यावरण मुआवजा देना होगा।

**मशीन चलाते समय अग्नि सुरक्षा यंत्र खेत में रखना भी जरूरी** -कलेक्टर के आदेश में ये भी कहा गया है कि हार्वेस्टर मशीन एवं स्ट्रारीपर से भूसा बनाने के दौरान निकलने वाली चिंगारी से अग्नि दुर्घटना रोकने के लिए मशीन संचालक को अपने साथ अग्नि सुरक्षा यंत्र अनिवार्य रूप से रखने होंगे। साथ ही रेत एवं पानी का भी पर्याप्त इंतजाम रखना होगा। खेतों के आसपास स्थित ट्रांसफार्मर से चिंगारी न निकले इस पर विशेष ध्यान देने के निर्देश इस आदेश के माध्यम से विद्युत वितरण कंपनी के अधीक्षण यंत्री को दिए गए हैं।

# जुलूस, रैली या आम सभा के लिए आदेश जारी, दो दिन पहले लेनी होगी अनुमति, नियमों का कढ़ाई से करना होगा पालन




आदेश में स्पष्ट किया गया है कि जुलूस, रैली व आमसभा इत्यादि के आयोजन की तिथि से कम से कम दो दिन पहले विस्तृत जानकारी के साथ संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी के यहाँ अनुमति के लिए आवेदन प्रस्तुत करना होगा। एक से अधिक अनुविभाग का क्षेत्र होने पर अनुमति देने के लिये अपर जिला दण्डाधिकारी को अधिकृत किया गया है। वहाँ से अनुमति मिलने के बाद ही आयोजन किया जा सकेगा। आयोजन की अनुमति ÷पहले आओ-पहले पाओ÷ के सिद्धांत पर दी जायेगी। धार्मिक व सामाजिक आयोजनों के लिए भी इसी तरह अनुमति लेनी होगी।स?क पर बाईं तरफ निकलना होगा जुलूस, निर्देशों का करना होगा पालन जुलूस व मोटर साइकिल रैली इत्यादि की अनुमति के लिए दिए जाने वाले आवेदन में जुलूस व रैली का प्रारंभ स्थल, स्थान, मार्ग व समापन स्थल सहित सम्पूर्ण जानकारी का ब्यौरा देना होगा। इस शर्त के साथ अनुमति दी जायेगी कि जुलूस इत्यादि से यातायात बाधित न हो। यदि जुलूस लम्बा होगा तो कम लम्बाई वाले टुक?ों में संगठित करना होगा। जुलूस स?क की बाँई ओर निकालना होगा और ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारियों के निर्देश व सलाह का क?ाई से पालन भी करना होगा। किसी भी राजनैतिक दल के नेताओं के पुतलों को सार्वजनिक स्थान पर जलाने और इसी प्रकार के अन्य प्रदर्शनों की अनुमति इसमें शामिल नहीं रहेगी।

**अस्त्र शस्त्र लेकर चलना रहेगा प्रतिबंधित** - प्रतिबंधात्मक आदेश में यह भी साफ किया गया है कि कोई भी व्यक्ति अपने आग्नेयास्त्र जैसे रिवॉल्वर, पिस्टल, एमएलएन, बीएल गन, रायफल एवं कारतूस एवं अन्य तेज धार वाले घातक अस्त्र मसलन फरसा, तलवार, भाला, चाकू, छुरा, बरछी, लोहगी, लाठी, डंडा आदि लेकर नहीं चल सकेगा। साथ ही सार्वजनिक स्थानों पर इनका प्रदर्शन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

# यूपी से स्मैक लेकर आये दो बदमाशों पर एक्शन, बेचने से पहले ही पुलिस ने गिरफ्तार किया, 7 लाख की स्मैक बरामद



लोकसभा चुनाव 2024 के लिए आचार संहिता लगते ही ग्वालियर पुलिस के हत्थे दो स्मैक तस्कर चढ़ गए पुलिस ने चैंकिंग के दौरान उन्हें पक?कर जब उनकी तलाशी तो उनके पास से 7 लाख रुपये कीमत की स्मैक मिली जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया, आरोपी ठेला लगाते हैं और उसकी आढ़ में स्मैक बेचने का धंधा करते हैं।पूरे प्रदेश के साथ ग्वालियर पुलिस भी एक्टिव मोड में है, बदमाशों और तस्करों की निगरानी के लिए सक्रिय किये मुखबिर तंत्र से पुलिस को सूचना मिली कि दो बदमाश स्मैक लेने उत्तर प्रदेश गए हैं और वापस आने वाले हैं, सूचना के बाद पुलिस ने पुरानी छावनी थाना क्षेत्र में चैकिंग लगाई और दो संदिग्ध युवकों को रोका।पुलिस न एजब उनकी तलाशी ली उनके कब्जे से 70 ग्राम स्मैक मिली, पहले तो वो पुलिस को गुमराह करने की कोशिश करने लगे लेकिन जब पुलिस ने क?ाई से पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि वे उत्तर प्रदेश से स्मैक लेकर आये हैं और ग्वालियर में इसे बेचने वाले थे, पुलिस ने बताया कि बदमाशों से जब्त स्मैक की कीमत करीब 7 लाख रुपये है।एडिशनल एसपी शियाज केएम ने बताया कि पूछताछ में तस्करों ने बताया कि जनकगंज थाना क्षेत्र के लक्ष्मीगंज में ठेला लगाते हैं और उत्तर प्रदेश से स्मैक लाकर छोटी छोटी पु?िया बनाकर अपने ठेले के धंधे की आ? में ये कारोबार करते हैं इसमें मोटा मुनाफा मिलता है, पुलिस ने दोनों तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# बदमाशों ने मेडिकल स्टोर के संचालक के साथ की मारपीट, मामला दर्ज




ग्वालियर जिले की डबरा तहसील में एक मारपीट का मामला सामने आया है। जिसमें कुछ लोगों ने बेखौफ होकर एक मेडिकल संचालक के साथ उसी के मेडिकल स्टोर के अंदर घुसकर दुकान की तोड़फोड़ करते हुए मेडिकल संचालक की बेरहमी से मारपीट कर दी। जिसका वीडियो दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। जिसमें कुछ लोग बेरहमी से एक मेडिकल संचालक की लात-घूसों से मारपीट कर रहे हैं। जिसमें मेडिकल संचालक को काफी चोटें भी आई हैं। जिसकी शिकायत लेकर फरियादी मेडिकल संचालक डबरा सिटी थाने पहुंचा और शिकायती आवेदन दिया।

**क्या है पूरा मामला**-इस पूरे मामले की ज-कारी देते हुए फरियादी जितेंद्र शर्मा हरि मेडिकल संचालक निवासी नंदू का डेरा वार्ड क्रमांक 8 ने बताया कि वह दोपहर को अपने मेडिकल स्टोर पर बैठा हुआ था। तभी आरोपी नितेश राजपूत पुत्र सुरेश राजपूत और सुरेश पुत्र रामरतन राजपूत जो की गोराघाट थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बडेरा के रहने वाले हैं। वह कुछ लोगों के साथ उसके मेडिकल स्टोर पर आए और वाद-विवाद करते हुए उनके मेडिकल में तोड़फोड़ कर दी और उसके साथ मारपीट कर दी।फरियादी जितेंद्र शर्मा ने बताया कि आरोपियों के साथ पैसे के लेनदेन को लेकर पुराना विवाद चल रहा है। जिसका कोर्ट में प्रकरण भी चल रहा है। इसी बात को लेकर आरोपियों ने उनसे प्रकरण वापस लेने की बात कही। उनके मना करने पर आरोपियों ने उनके साथ बेरहमी से मारपीट कर दी। उनकी दुकान में तोड़फोड़ की। जिसकी शिकायत फरियादी ने डबरा सिटी थाने पहुंचकर शिकायती आवेदन देकर की। वहीं पुलिस ने मामले की जांच कर आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई करने की बात कही है। वहीं अब देखना यह होगा कि पुलिस इस मामले पर क्या कुछ कार्रवाई करती है।

# किसी दुकान विशेष से यूनीफॉर्म, किताबें व कॉपियाँ खरीदने के लिये बाध्य नहीं कर सकेंगे प्राइवेट स्कूल, परिजन बोले धन्यवाद कलेक्टर साहिबा

ग्वालियर जिला दण्डाधिकारी रुचिका चौहान द्वारा जारी आदेश के माध्यम से यह भी स्पष्ट किया गया है कि निजी विद्यालयों के संचालकगण, प्राचार्य व पालक शिक्षक संघ यह सुनिश्चित करेंगे कि पुस्तकों के निजी प्रकाशक, मुद्रक व विक्रेता स्कूल परिसर में अपनी पुस्तकों का प्रचार-प्रसार करने के लिये किसी भी स्थिति में स्कूल में प्रवेश नहीं करें।

ऽ नया शिक्षण सत्र अगले महीने से शुरू होने वाला है, नियमों के विरुद्ध जाकर बहुत से प्राइवेट स्कूल या तो अपने स्कूल से ही कॉपी किताबें खरीदने के लिए परिजनों को कोर्स करते हैं या फिर उन्हें किसी दुकान विशेष का नाम और फोन नंबर देकर वहां से खरीदने के लिए कहते हैं, लेकिन अब ऐसा करना संभव नहीं होगा। ग्वालियर कलेक्टर रुचिका चौहान ने धारा 144 के तहत इसके लिए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है, इसका उल्लंघन करने वाले पर धारा 188 के तहत कार्रवाई होगी यानि एफआईआर होगी, कलेक्टर के आदेश पर परिजनों ने उन्हें धन्यवाद दिया है।कलेक्टर रुचिका चौहान के आदेश के बाद परिजन खुश हैं और कलेक्टर साहिबा को धन्यवाद से रहे हैं।

परिजन बोले ङ्क मनमानी किताबें बच्चे के बस्ते का वजन भी बढाती हैं

तारागंज क्षेत्र में रहने वाले अमित सक्सेना का बेटा निजी स्कूल में प?ता है उनका कहना है कि इस आदेश के बाद स्कूल संचालकों की मनमानी पर रोक लगेगी, अपने हिसाब से सिलेबस में दिल्ली के प्रकाशकों की किताबें स्कूल संचालक जो? देते है जो न सिर्फ नियम विरुद्ध है बल्कि बच्चे के बस्ते का वजन भी ब?ाती हैं।

प्राइवेट जॉब करने वाले पति पत्नी ने कहा , इससे बहुत राहत मिलेगी लश्कर में रहने वाले दीपेश और श्वेता प्राइवेट जॉब करते हैं उनके दो बेटे हैं, दोनों प्राइवेट स्कूल में प?ते हैं। उनका कहना है कि मनमानी फीस के साथ साथ कॉपी किताबों, यूनिफॉर्म के लिए स्कूल संचालक बाध्य करते हैं या तो उनके यहाँ से खरीदो या उनकी बताई दुकान से खरीदों , फिर जो रेट दुकानदार ने फिक्स कर दिए उतने पैसेआपको देना ही है, उनका कहना है कि कलेक्टर साहिबा की सख्ती के बाद परिजनों को बहुत राहत मिलेगी।

**गृहणी ने कहा धन्यवाद कलेक्टर साहिबा**-बहोड़ापुर क्षेत्र में रहने वाली श्रीमती अनुराधा भी कलेक्टर रुचिका चौहान के फैसले का स्वागत कर रही हैं, उनका कहना है कि इस आदेश के बाद परिजन स्वतंत्र होंगे कि वे खुले बाजार से जहाँ उचित रेट पर कॉपी, किताबें यूनिफॉर्म , स्कूल बैग खरीद सकें। इतनी महंगाई में स्कूल संचालकों की मनमानी बहुत परेशान करती है, इस आदेश का निश्चित है बहुत लाभ होगा, परिजनों को रहत मिलेगी।

ग्वालियर कलेक्टर ने जारी किया प्रतिबंधात्मक आदेश-ग्वालियर कलेक्टर रुचिका चौहान ने आदेश जारी करते हुए कहा कि जिले के प्राइवेट स्कूल विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों को किसी दुकान विशेष से यूनीफॉर्म, किताबें व कॉपियाँ या अन्य पाठ्य सामग्री खरीदने के लिये बाध्य नहीं कर सकेंगे। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा-144 के तहत स्कूल संचालकों, पुस्तक प्रकाशकों एवं विक्रेताओं के एकाधिकार को समाप्त करने के लिये अहम आदेश जारी किया है। किसी स्कूल द्वारा इस आदेश की अवहेलना किए जाने पर संबंधित



विद्यालय के संचालक, प्राचार्य व बोर्ड ऑफ डायरेक्टर के समस्त सदस्य दोषी माने जायेंगे। आदेश के उल्लंघन पर भारतीय दण्ड विधान की धारा-188 के तहत कार्रवाई की जायेगी।

**किताबों की लिस्ट स्कूल वेबसाईट पर अपलोड करना जरूरी** -आदेश में स्पष्ट किया है कि निजी स्कूलों की स्वयं की वेबसाइट होना अनिवार्य है। निजी स्कूलों के प्राचार्य व संचालकों को अपने विद्यालय की वेबसाइट पर परीक्षा परिणाम से पूर्व सभी कक्षाओं के लिये अनिवार्य पुस्तकों की सूची अनिवार्यतः अपलोड करनी होगी। साथ ही विद्यालय के सार्वजनिक सूचना पटल व अन्य स्थानों पर भी यह सूची प्रदर्शित करनी होगी। इसके अलावा बच्चों के अभिभावकों को भी यह सूची उपलब्ध कराना सुनिश्चित करना होगा। निजी स्कूलों के प्राचार्य व प्रबंधक को अपने स्कूल के प्रत्येक कक्षा के समस्त पाठ्यक्रम से संबंधित पुस्तकों तथा प्रकाशकों आदि की जानकारी जिला शिक्षा अधिकारी के ईमेल एड्रेस पर अनिवार्य रूप से भेजनी होगी।

**आदेश में बहुत सख्त निर्देश** -जिला दण्डाधिकारी रुचिका चौहान ने आदेश में उल्लेख किया है कि नियामक बोर्ड मसलन सीबीएससी, आईसीएसई, माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश इत्यादि द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम के अंतर्गत एनसीआरटी व मध्यप्रदेश पाठ्यपुस्तक निगम द्वारा प्रकाशित व मुद्रित पुस्तकों के अलावा अन्य प्रकाशकों व मुद्रकों की पुस्तकें विद्यालय में अध्यापन के लिये प्रतिबंधित की जाएँ। साथ ही कीमत ब?ाने के लिये पुस्तकों के सेट में पाठ्यक्रम के अतिरिक्त अन्य पुस्तकें शामिल कर विद्यार्थियों को खरीदने के लिये बाध्य न किया जाए। किसी भी प्रकार की शिक्षण सामग्री पर विद्यालय का नाम अंकित नहीं होना चाहिए। नोटबुक व कॉपी पर ग्रेड का प्रकार, साईज, मूल्य तथा पृष्ठ संख्या स्पष्ट रूप से अंकित होना चाहिए।

**यूनिफॉर्म को लेकर भी डीएम ने की सख्ती** -आदेश में उल्लेख है कि कोई भी विद्यालय दो से अधिक यूनीफॉर्म निर्धारित नहीं कर सकेंगे। ब्लैजर व स्वैटर इसके अतिरिक्त होगा। यूनीफॉर्म इस प्रकार से निर्धारित करना होगी कि कम से कम तीन साल तक उसमें बदलाव न हो। वार्षिकोत्सव या अन्य आयोजन के समय अन्य प्रकार की वेशभूषा के कपड़े खरीदने के लिये भी विद्यार्थियों को बाध्य नहीं किया जा सकेगा। जिन विषयों के संबंध में नियामक संस्था द्वारा कोई पुस्तक प्रकाशित नहीं की जाती है तो उस विषय से संबंधित पुस्तक की अनुशंसा से पहले स्कूल संचालक यह सुनिश्चित करेंगे कि पुस्तक की पाठ्य सामग्री आपत्तिजनक नहीं है, जिससे लोक शांति भंग होने की संभावना हो।

**इस निर्देश का रखना होगा बहुत ध्यान** -जिला दण्डाधिकारी द्वारा जारी आदेश के माध्यम से यह भी स्पष्ट किया गया है कि निजी विद्यालयों के संचालकगण, प्राचार्य व पालक शिक्षक संघ यह सुनिश्चित करेंगे कि पुस्तकों के निजी प्रकाशक, मुद्रक व विक्रेता स्कूल परिसर में अपनी पुस्तकों का प्रचार-प्रसार करने के लिये किसी भी स्थिति में स्कूल में प्रवेश नहीं करें।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478